www.tamsasanket.com
वर्षः 30|| अंक 14 ||अम्बेडकरनगर
रविवार
05 अप्रैल 2026||पृष्ठः 08||मूल्यः ₹2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

**मौसम**
सूर्योदयः 05:54
सूर्यास्तः 06:25
अधिकतमः 32°00
न्यूनतमः 20°00



पेज 07

विशेष समाचार दंड से सुधार की ओर विश्वास... पेज 04 | शराब पीने से कारोबारी समेत... पेज 06 | 'ट्वेल्थ फेल के लिए हुई थीं ...









# 'स्कूल चलो अभियान' की शुरुआत

## योगी सरकार की ओडीओपी योजना ने जैनुल को बनाया सफल उद्यमी

## 'रोजगार मांगने वाले नहीं अब देने वाले बन रहे यूपी के युवा'



**कार्यक्रम**

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा कि शिक्षा केवल सर्टिफिकेट या डिग्री उपलब्ध करने का माध्यम नहीं बल्कि, मनुष्य को मनुष्य बनाने, संस्कारित करने तथा समाज व राष्ट्र के भविष्य को गढ़ने का सशक्त माध्यम है। ईश्वर ने गुरुजनों (शिक्षकों) को इस पुनीत कार्य में योजक की भूमिका प्रदान की है। यदि शिक्षक इस महती जिम्मेदारी का निर्वहन करेंगे, तो बेहतरीन परिणाम प्राप्त होंगे। समृद्धि की ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए सबको शिक्षित होना आवश्यक है। जब प्रत्येक शिक्षक, शिक्षामित्र और अनुदेशक यह संकल्प लेगा, तभी यह राष्ट्रीय कार्य सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री जी आज जनपद वाराणसी में शिवपुर स्थित कम्पोजिट विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में शत-प्रतिशत नामांकन एवं ट्रांजिशन सुनिश्चित करने वाले व्यापक 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारम्भ करने के पश्चात आयोजित कार्यक्रम में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे।

>> (शेष पेज 06 पर)

- कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को 12वीं कक्षा तक उच्चीकृत किया गया, जिन ब्लॉकों में यह विद्यालय नहीं, उन ब्लॉकों के लिए इस बार के बजट में धनराशि का प्राविधान
- प्री-प्राइमरी से इण्टरमीडिएट तक एक ही कैम्पस में अत्याधुनिक शिक्षा के लिए प्रदेश के प्रत्येक जनपद में पहले चरण में दो-दो 'मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय' इस बार के बजट में दो-दो और विद्यालयों के लिए धनराशि उपलब्ध करायी जा रही

### सहायक अध्यापक से फिर शिक्षामित्र बना दिए गए

सुप्रीम कोर्ट के आदेश से एक साथ 1.72 लाख सहायक अध्यापक फिर शिक्षामित्र बना दिए गए। 50 हजार रुपए वेतन पाने वाले फिर 3500 रुपए महीने के मानदेय पर आ गए। इसके खिलाफ प्रदेश भर से आए शिक्षामित्रों ने लखनऊ में गोमती के तट पर बड़ा आंदोलन किया।

### शिक्षा मित्रों का 25 जुलाई 2017 को हुआ था समायोजन रद्द

यूपी में 2001 से शिक्षामित्रों की नियुक्ति शुरू हुई थी। सपा की सरकार ने 2013-14 में शिक्षामित्रों को सहायक अध्यापक के पद पर समायोजित किया था। जिनका समायोजन नहीं हुआ उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट में इसके खिलाफ याचिका दायर की। हाईकोर्ट ने 12 सितंबर, 2015 को इन शिक्षामित्रों का समायोजन रद्द करने का आदेश दिया।

### निःशुल्क उपलब्ध कराई सुविधाएं

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि बेसिक शिक्षा परिषद में पढ़ने वाले प्रत्येक बच्चे के लिए 'डबल इंजन' सरकार ने वर्ष में दो यूनिफॉर्म, बैग, किताबें, जूते-मोजे और स्वेटर जैसी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई हैं। एडमिशन की प्रक्रिया जैसे ही प्रारम्भ होगी, 15 अप्रैल के बाद पहले चरण में और 15 जुलाई के बाद दूसरे चरण में डी0बी0टी0 के माध्यम से धनराशि सीधे अभिभावकों के खाते में भेजी जाएगी।

>> (शेष पेज 06 पर)

मुख्यमंत्री ने बच्चों को नवीन शैक्षणिक सत्र की पाठ्य-पुस्तकों, निपुण विद्यालयों एवं विद्यार्थियां को प्रमाण पत्र का वितरण किया

मुख्यमंत्री ने शैक्षिक नवाचार एवं उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया, छात्र-छात्राओं को मिड-डे-मील योजना का भोजन परोसा

शिक्षा केवल सर्टिफिकेट या डिग्री उपलब्ध करने का माध्यम नहीं बल्कि, मनुष्य को मनुष्य बनाने, संस्कारित करने तथा समाज व राष्ट्र के भविष्य को गढ़ने का सशक्त माध्यम - मुख्यमंत्री

15 अप्रैल तक चलने वाले 'स्कूल चलो अभियान' के साथ प्रत्येक शिक्षक को जुड़ना चाहिए, 01 से 15 जुलाई के बीच 'स्कूल चलो अभियान' का दूसरा चरण चलाएं

# कमलनाथ, आनंद शर्मा, शशि थरूर का सरकार को समर्थन

## कहा- मिडिल ईस्ट संकट को अच्छे से संभाला

**प्रशंसा**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । कांग्रेस के 3 बड़े नेताओं ने मिडिल ईस्ट जंग और LPG संकट पर पार्टी लाइन से हटकर बात की। इनमें कमलनाथ, आनंद शर्मा और शशि थरूर शामिल हैं। उधर, राहुल गांधी इन मुद्दों पर सीधे प्रधानमंत्री का नाम लेकर निशाना साध रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने भारत के डिप्लोमैटिक तरीके की तारीफ करते हुए इसे मैच्योर और स्किलफुल बताया। वहीं मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने गैस संकट पर कहा था कि ऐसी कोई कमी नहीं है। यह बस माहौल बनाया जा रहा है। आनंद शर्मा ने 2 अप्रैल को X पर लिखा, 'संकट से निपटने में भारत का डिप्लोमैटिक तरीका समझदारी भरा रहा है। इससे संभावित मुश्किलों से बचा गया है। सरकार ने 'एक अप्रत्याशित और अस्थिर स्थिति' में राजनीतिक नेताओं को पॉलिसी फैसलों के बारे में बताने के लिए एक ऑल-पार्टी मीटिंग भी की।

>> (शेष पेज 06 पर)

- कमलनाथ बोले- गैस की कहीं पर कोई कमी नहीं
- राहुल से अलग राय

# हरियाणा कांग्रेस के क्रॉस वोटिंग वाले पांचों एमएलए होंगे सस्पेंड

## डिसिप्लिनरी कमेटी ने प्रदेशाध्यक्ष को सौंपी रिपोर्ट

**एक्शन**

तमसा संकेत, एजेंसी



चंडीगढ़ । हरियाणा कांग्रेस की डिसिप्लिनरी एक्शन कमेटी (DAC) ने राज्यसभा चुनाव के दौरान क्रॉस वोट करने वाले पांचों विधायकों से जुड़ी अपनी रिपोर्ट प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह को सौंप दी है। DAC ने अपनी रिपोर्ट ई-मेल के जरिए भेजी। इसमें पांचों विधायकों को सस्पेंड करने और उनके खिलाफ कड़ा एक्शन लेने की सिफारिश की गई है। अब हरियाणा प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह इस रिपोर्ट को पार्टी हाईकमान को भेजेंगे। उसके बाद आखिरी फैसला हाईकमान के लेवल से लिया जाएगा। अगर पार्टी इन विधायकों को सस्पेंड करती है तो उस सूरत में ये MLA आगे भी सदन के अंदर पार्टी व्हिप मानने को बाध्य होंगे।

>> (शेष पेज 06 पर)

- हाईकमान से कड़ा एक्शन लेने की सिफारिश

**फास्ट न्यूज**

### संसद गाली देने-माइक तोड़ने नहीं गया : राघव चड्ढा

लुधियाना । आम आदमी पार्टी के आरोपों को लेकर सांसद राघव चड्ढा ने शनिवार को दूसरा वीडियो जारी किया। राघव चड्ढा ने सोशल मीडिया पर वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा- मैं बोलना नहीं चाहता था, मगर चुप रहता तो बार-बार दोहराया झूठ भी सच लगने लगता।

**मौसम सतर्क**

### केदारनाथ में भारी बर्फबारी

भोपाल/शिमला/देहरादून। गर्मी के मौसम में देश के उत्तरी और पश्चिमी राज्यों में बारिश, ओले और बर्फबारी हो रही है। केदारनाथ में शनिवार को बर्फबारी के बाद पूरा इलाका सफेद हो गया है। रोहतांग दर्रे के पास भारी हिमपात की वजह से अटल सुरंग बंद कर दी गई है। इधर, लाहौल स्पीति के ऊंचे पहाड़ों पर बर्फबारी जारी है। हिमाचल की राजधानी शिमला में भी शनिवार को तेज तूफान के साथ हल्की बारिश हुई। राजस्थान में शुक्रवार को रेगिस्तानी जिले जैसलमेर-बीकानेर में जमकर ओले गिरे। अजमेर-ब्यावर में आंधी से पेड़ गिर गए और टीनशेड उड़ गए।

### जज पर एडिशनल सेशन जज के घर चोरी के आरोप

लुधियाना। पंजाब के पटियाला में सिविल जज पर एडिशनल सेशन जज के घर में चोरी करने के आरोप लगे हैं। सिविल जज के खिलाफ घटना के सात महीने बाद 21 मार्च को FIR दर्ज की गई। गिरफ्तारी से बचने के लिए सिविल जज द्वारा लगाई गई बेल भी कोर्ट ने रद्द कर दी।

# ट्रम्प ने दिया अल्टीमेटम 48 घंटे में होर्मुज खोलो

## अब समय खत्म हो रहा, नहीं माने तो तबाह कर देंगे

**चेतावनी**

तमसा संकेत, एजेंसी



तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खोलने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर ईरान नहीं माना तो उसे तबाह कर दिया जाएगा। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि समय खत्म हो रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि पहले उन्होंने ईरान को 10 दिन की मोहलत दी थी, लेकिन अब सिर्फ 48 घंटे बचे हैं। ट्रम्प अब तक होर्मुज खोलने के लिए ईरान को तीन बार अल्टीमेटम दे चुके हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

- 23 साल बाद किसी दुश्मन ने गिराया अमेरिकी फाइटर जेट
- अब तक अमेरिका के 7 विमान तबाह
- ट्रम्प का ईरानी आसमान पर कब्जे का दावा गलत

## 46 हजार टन गैस लदी, ईरान बोला- भारत से सदियों पुराना रिश्ता, दोस्ती और मजबूत करेंगे

# एलपीजी ला रहे भारतीय जहाज ने होर्मुज पार किया

**राहत**

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी । ईरान-इजराइल युद्ध के बीच LPG लेकर आ रहा भारतीय जहाज ग्रीन संवी होर्मुज स्ट्रेट पार कर गया है। जहाज में करीब 46,650 मीट्रिक टन गैस लदी है। यह होर्मुज पार करने वाला भारत का 7वां LPG टैंकर है।

सरकार के मुताबिक, खाड़ी क्षेत्र में इस समय 18 भारतीय जहाज और करीब 485 भारतीय नाविक मौजूद हैं। अब तक 964 से ज्यादा भारतीय नाविकों को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है। इस बीच मुंबई स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास ने भारत के साथ ऐतिहासिक रिश्तों को याद करते हुए दोस्ती और सहयोग बढ़ाने की बात कही है। >> (शेष पेज 06 पर)


### ईरान में अमेरिकी पायलट को पकड़ने पर 55 लाख का इनाम

ईरान ने अमेरिकी फाइटर जेट के पायलट को पकड़ने पर 10 बिलियन ईरानी तोमान (लगभग 55 लाख रुपए) के इनाम का ऐलान किया है। ईरान के सरकारी मीडिया IRIB के एक एंकर ने नागरिकों से अपील की है कि वे अमेरिकी पायलट को जिंदा पकड़कर सरकारी अधिकारी या सेना को सौंपे।



### ईरान ने अमेरिका के दो लड़ाकू विमान गिराए

ईरान ने शुक्रवार को अमेरिका के दो लड़ाकू विमान गिराने का दावा किया है। इनमें एक F-35 फाइटर जेट और दूसरा A-10 अटैक एयरक्राफ्ट है। हालांकि कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि गिरने वाला पहला फाइटर जेट F-35 नहीं बल्कि F-15E है। वहीं, ट्रम्प ने कहा है कि ईरान में अमेरिकी फाइटर जेट गिराए जाने की घटना से दोनों देशों के बीच बातचीत पर कोई असर नहीं पड़ेगा। >> (शेष 06 पर)



ईरान ने शुक्रवार को उत्तरी इजराइल के शहर किरयात अता पर मिसाइल हमला किया, जिससे कई गाड़ियां जल गईं और आसपास की इमारतों को नुकसान पहुंचा।

रक्षा मंत्रालय ने बताया कि सेना ने इन सभी हवा-ई खतरों पर नजर रखी और समय रहते कार्रवाई की। राहत की बात यह रही कि इस दौरान कोई जनहानि या संपत्ति का नुकसान नहीं हुआ।

**जनसभा :** उन्हें नाराज करने वाले बयान दे रही, इससे वहां भारतीयों पर मुसीबत आ सकती है

# कांग्रेस चाहती है खाड़ी देश भारत को दुश्मन समझें : मोदी

तमसा संकेत, एजेंसी



नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम/गुवाहाटी/कोलकाता/चेन्नई । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को केरलम के थिरुवल्ला में जनसभा की। उन्होंने कहा- कांग्रेस चाहती है कि वेस्ट एशियाई देश भारत को अपना दुश्मन समझें। हम यहां कोई ऐसी गलती कर दें, कोई ऐसा बयान दे दें जिससे खाड़ी देशों में रहने वाले भारतीयों को वहां से बाहर निकलने में मुसीबत आ जाए, इसलिए कांग्रेस खाड़ी देशों को नाराज करने वाले बयान दे रही है।

कांग्रेस चाहती है कि पैनिक फैले और कांग्रेस को मोदी को गालियां देने का मौका मिले।

>> (शेष पेज 06 पर)

### राज्य में डबल इंजन की सरकार से सभी रुकावटें दूर होगीं : मोदी

पीएम ने कहा कि यहां सबरीमाला रेलवे प्रोजेक्ट इस इलाके में नई संभावनाएं खोल सकता है। यह सबरीमाला से सीधी कनेक्टिविटी बढ़ाएगा, लोकल बिजनेस को नई रफ्तार देगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए रास्ते खोलेगा। जब BJP की डबल इंजन वाली सरकार सत्ता में आएगी, तो ऐसी सभी रुकावटें दूर हो जाएंगी, यह मोदी की गारंटी है।

### मोदी बोले- केरलम को बहुत फायदा, मेरा नुकसान

पीएम मोदी ने कहा- इस चुनाव में केरलम को कुछ फायदा होने की संभावना है। लेकिन मेरे लिए पर्सनली, बहुत बड़ा नुकसान होगा। आप सोच रहे होंगे कि जब मोदी को नुकसान हो रहा है तो केरलम को कैसे फायदा हो सकता है? मतल अनूप, जो यहां चुनाव लड़ रहे हैं, पिछले पांच सालों से मेरे साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने पूरे देश में घूमकर जानकारी और जानकारी इकट्ठा की है। एक तरह से, वह मेरे पक्के साथी रहे हैं और काम के लिए मेरे दाहिने हाथ की तरह बन गए हैं।



केरल के पलक्कड़ के कोंगड में 100 साल की महिला कुचम्मा ने घर से वोटिंग की।

पुडुचेरी में चुनवा प्रचार के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि तमिलनाडु और पुडुचेरी की जनता हमारे साथ है। पीएम यहां जीत का सपना देख रहे हैं, हम नहीं।

# चुनाव आयोग को स्वतंत्र रहना चाहिए : जस्टिस नागरत्ना

## किसी भी तरह का राजनीतिक प्रभाव नहीं होना चाहिए

**बयान**

तमसा संकेत, एजेंसी



पटना । सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस बीवी नागरत्ना ने शनिवार को कहा कि चुनाव आयोग को पूरी तरह स्वतंत्र रहना चाहिए और उस पर किसी भी तरह का राजनीतिक प्रभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि दूसरे संवैधानिक संस्थाओं को भी अपनी गरिमा बनाकर रखनी चाहिए।

उन्होंने पटना की चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में 'कॉन्स्टीट्यूशनलिज्म बियॉन्ड राइट्सः व्हाई स्ट्रक्चर मैटर्स' पर बात की। जस्टिस नागरत्ना ने कहा- यदि संवैधानिक ढांचा धीरे-धीरे कमजोर होता है, तो इससे संवैधानिक ब्रेकडाउन की स्थिति पैदा हो सकती है, भले ही अधिकार औपचारिक रूप से मौजूद रहें।

जस्टिस नागरत्ना सितंबर 2027 में सीनियरिटी के आधार पर देश की चीफ जस्टिस बन सकती हैं। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने आगे कहा कि जब संस्थाएं एक-दूसरे की जांच और निगरानी करना बंद कर देती हैं, तभी असली समस्या शुरू होती है।

>> (शेष पेज 06 पर)

- जस्टिस नागरत्ना बोलीं- संस्थान एक-दूसरे की जांच करें

### पाक कनेक्शन-टेरर नेटवर्क की पूछताछ होगी, 4 युवक एटीएस के हत्थे चढ़े थे

# लखनऊ विस्फोट करने आए आतंकी 5 दिन की रिमांड पर

**पेशी**

तमसा संकेत, एजेंसी



■ एटीएस कमांडो की कड़ी सुरक्षा के बीच चारों आरोपियों शाकिब, विकास गहलावत, लोकेश उर्फ पपला पंडित और अरबाब को लखनऊ की विशेष अदालत में पेश किया गया।

लखनऊ। लखनऊ में पकड़े गए आतंकी मॉड्यूल के चारों आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। यूपी ATS अब उनसे पाकिस्तानी हैंडलर्स और आतंकी नेटवर्क के बारे में पूछताछ करेगी।

एटीएस कमांडो ने दोपहर को चारों आरोपियों शाकिब, विकास गहलावत, लोकेश उर्फ पपला पंडित और अरबाब को लखनऊ की विशेष अदालत में पेश किया। उनकी कस्टडी रिमांड मांगी, जिसे कोर्ट ने स्वीकार करते हुए 5 दिन के लिए एटीएस को सौंप दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने लखनऊ, गाजियाबाद और अलीगढ़ जैसे शहरों में रेलवे संपत्ति, प्रतिष्ठित संस्थानों और कुछ राजनीतिक व्यक्तियों की रेकी की थी। एटीएस अब इन सभी स्थानों की पुष्टि और संभावित खतरे का आकलन कर रही है।

गिरफ्तार आरोपियों के पास से ज्वलनशील पदार्थ, 7 स्मार्टफोन और कई आपत्तिजनक पंपलेट बरामद हुए हैं। एटीएस इन डिजिटल डिवाइसों की फॉरेंसिक जांच कर रही है, जिससे चैट, ट्रांजैक्शन और विदेशी संपर्कों से जुड़े अहम सुराग मिलने की संभावना है। एटीएस के अधिकारियों के अनुसार, पूछताछ के दौरान सबसे बड़ा फोकस आरोपियों के पाकिस्तानी हैंडलर्स से जुड़े नेटवर्क को समझना होगा। यह भी पता लगाया जाएगा कि किन-किन माध्यमों से संपर्क किया जा रहा था और किन स्थानों को टारगेट बनाया गया था।




■ आरोपियों के मोबाइल से यह वीडियो क्लिप मिली है।

**छोटे हमलों के जरिए बड़ी साजिश का ट्रायल**

जांच एजेंसियों को शक है कि आरोपियों ने पहले छोटे स्तर की आगजनी की घटनाओं को अंजाम देकर अपने हैंडलर्स को 'ट्रायल' दिखाया था। इन घटनाओं के वीडियो भेजकर उन्हें भुगतान भी प्राप्त हुआ, जिससे उनके हौसले और बढ़े।

मामले के खुलासे के बाद राज्य की सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया गया है। संवेदनशील स्थानों पर निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके।

# चारबाग समेत 52 स्टेशनों के प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ेगी

### अब आउटर पर नहीं रुकेंगी ट्रेनें, देशभर में टोटल 146 प्लेटफॉर्म का होगा विस्तार

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । चारबाग रेलवे स्टेशन समेत देश के 52 स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म की लंबाई बढ़ाने की बड़ी तैयारी की गई है। इस योजना के तहत कुल 146 प्लेटफॉर्मों का विस्तार किया जाएगा, जिससे 22 से 24 कोच वाली लंबी ट्रेनों को अब आउटर पर रुकने की मजबूरी से राहत मिलेगी।

अभी प्लेटफॉर्म छोटे होने की वजह से कई बार ट्रेन की कुछ बोगियां प्लेटफॉर्म से बाहर रह जाती हैं, जिससे यात्रियों को चढ़ने-उतरने में दिक्कत होती है।

प्लेटफॉर्म छोटे होने का असर पार्सल सेवाओं पर भी पड़ता है। कई बार पार्सल वैन प्लेटफॉर्म से बाहर रह जाती है और बिना अनलोडिंग के ही ट्रेन को रवाना करना पड़ता है। प्लेटफॉर्म बढ़ने से यह समस्या भी खत्म हो जाएगी और लॉजिस्टिक्स सिस्टम बेहतर होगा। चारबाग स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 2, 3, 4 और 5 की लंबाई बढ़ाई जाएगी। फिलहाल, प्लेटफॉर्म नंबर 1 ही सबसे लंबा है, जहां फुल रैक ट्रेनें आसानी से आ पाती हैं।

**अप्रैल के अंत से शुरू होगा काम**

रेलवे ने इस प्रोजेक्ट के लिए करीब 198 करोड़ रुपए का बजट तय किया है। योजना के पहले चरण में उत्तर और पूर्वोत्तर रेलवे के स्टेशनों को शामिल किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक, अप्रैल के अंत से निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

**फास्ट न्यूज**

### युवती को एसिड अटैक की धमकी

लखनऊ । लखनऊ के हजरतगंज इलाके में एक युवती को शादी डॉट कॉम के जरिए मिले युवक ने रिश्ता टूटने पर एसिड अटैक की धमकी दी। पीड़िता का कहना है कि आरोपी पुलिस की चेतावनी के बावजूद अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। तंग आकर युवती ने शिकायत दर्ज कराई है। नरही निवासी पीड़िता ने बताया उसकी पहचान करीब चार महीने पहले शादीडॉटकॉम के जरिए आलमबाग निवासी आशीष गौतम से हुई थी।

### यूपी में 1671 ड्राइवर बिना बस चलाए उठा रहे वेतन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ताजा समीक्षा रिपोर्ट ने विभाग के कामकाज पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जनवरी 2025 से फरवरी 2026 तक की अवधि में प्रदेशभर में 1671 चालक ऐसे पाए गए, जिन्होंने एक भी किलोमीटर बस नहीं चलाई, फिर भी वेतन लेते रहे। इसके साथ ही 1069 परिचालक भी 'शून्य किमी' श्रेणी में दर्ज किए गए हैं।

यह आंकड़ा महज लापरवाही नहीं, बल्कि पूरे सिस्टम की निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़ा करता है, क्योंकि एक ओर बसों के संचालन में स्टाफ की कमी बताई जाती रही, वहीं दूसरी ओर हजारों कर्मचारी काम ही नहीं कर रहे हैं।

### साइन बदलकर बैंक से रुपए हड़पने की साजिश

लखनऊ। लखनऊ के हजरतगंज क्षेत्र में एक प्राइवेट कंपनी के बैंक खाते को लेकर बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है। फर्जी दस्तावेजों के जरिए अधिकृत हस्ताक्षर बदलकर खाते पर कब्जा करने की कोशिश की गई। मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पंचायत चुनाव में देरी पर सपा छात्र सभा का प्रदर्शन

### 'चुनाव टालना बंद करो' के नारे लगाए

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। सपा छात्र सभा से जुड़े 8 छात्रों ने लखनऊ में शनिवार को प्रदर्शन किया। उनकी मांग थी कि पंचायत चुनाव की तारीख घोषित की जाए। प्रदर्शन के दौरान छात्र कार्यकर्ताओं ने "पंचायत चुनाव टालना बंद करो, लोकतंत्र का सम्मान करो" जैसे नारे लगाए।

हालात को काबू में रखने के लिए पहले से ही भारी पुलिस बल तैनात था। प्रदर्शनकारी जैसे ही हजरतगंज चौराहे से नारे लगाते हुए आगे बढ़े, उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया और गाड़ी में बैठाकर इको गार्डन भेज दिया।

प्रदर्शन कर रहे प्रकाश मौर्या ने कहा कि जो लोग चुनाव लड़ना चाहते हैं, उनके अंदर बहुत घबराहट है। ग्रामीण क्षेत्र के लोग जमकर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। समय रहते चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं की गई तो गांववालों का आक्रोश बढ़ता जाएगा और भारतीय जनता पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

गांववालों की भावनाओं का सम्मान करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ को तत्काल चुनाव की तारीख घोषित कर देना चाहिए। सरकार मनमानी तरीके से रवैया अपना रही है। अगर यह चाहती तो समय पर सब कुछ होता। भाजपा आम जनता को गुमराह करना चाहती है। भाजपा चाहती है कि कोई भी चुनाव समय पर ना हो।

# अधिवक्ता पर जानलेवा रोड रेज दो वाहनों ने किया हमला

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ । लखनऊ के नौबस्ता कला निवासी अधिवक्ता देवेन्द्र सिंह अपने गृह जनपद सिद्धार्थनगर से लखनऊ लौटते समय एक भयानक रोड रेज का शिकार हो गए। दो तेज रफ्तार वाहनों ने उनकी गाड़ी को पीछे से टक्कर मारकर जानलेवा हमला करने की कोशिश की। अधिवक्ता देवेन्द्र सिंह ने अपनी ड्राइविंग स्किल से किसी तरह अपनी जान बचाई। उन्होंने थाना बी.बी.डी. में लिखित शिकायत देकर दोनों वाहनों के चालक व मालिक के खिलाफ हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं में FIR दर्ज करने की मांग की है। 3 अप्रैल 2026 को शाम करीब 4 बजे अधिवक्ता देवेन्द्र सिंह सिद्धार्थनगर से लखनऊ लौट रहे थे। रास्ते में उनके पीछे से वाहन नंबर UP79 AT 5782 ने तेज रफ्तार से उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी। तुरंत बाद दूसरा वाहन UP79 AT 5783 भी आ पहुंचा। दोनों वाहनों ने मिलकर उन्हें घेरने और मारने की कोशिश की। अधिवक्ता देवेन्द्र सिंह ने अपनी शिकायत में लिखा है कि पहले वाहन का चालक गाड़ी से उतरा, गाली-गलौज करने लगा और मारने-मारने की खुली धमकी देने लगा। जब उन्होंने अपनी गाड़ी बचाने की कोशिश की तो दोनों वाहनों ने उन्हें पीछा किया और फिर से टक्कर मारने की कोशिश की। उन्होंने किसी तरह अपनी जान बचाई। अधिवक्ता देवेन्द्र सिंह ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन में स्पष्ट लिखा है कि यह जानलेवा हमला था। आरोपी चालक ने उन्हें मारने की साफ धमकी दी थी। घटना के बाद भी आरोपी पक्ष ने कोई माफी नहीं मांगा। उन्होंने मांग की है कि दोनों वाहनों (UP79 AT 5782 एवं UP79 AT 5783) के चालकों व मालिकों के विरुद्ध उचित धाराओं में FIR दर्ज कर तुरंत कार्रवाई की जाए।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के इलाके में तनाव फैल गया है। अधिवक्ता देवेन्द्र सिंह ने पुलिस से जल्द से जल्द FIR दर्ज कर आरोपी पक्ष को गिरफ्तार करने की अपील की है। उपुलिस ने शिकायत प्राप्त कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# खाने-पीने के सामान के दाम 20% तक बढ़े

### 7 मार्च से कॉमर्शियल सिलेंडर की किल्लत

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ में कॉमर्शियल LPG सिलेंडर की लगातार किल्लत से होटल और रेस्टोरेंट कारोबार प्रभावित हो रहा है। बीते कई हफ्तों से गैस आपूर्ति में आ रही दिक्कतों के चलते कारोबारियों ने वैकल्पिक व्यवस्थाएं अपनानी शुरू कर दी हैं।

इससे खाने-पीने की चीजों के दाम 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ गए हैं। हालांकि, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (IOCL) ने पूरे प्रदेश में गैस और ईंधन की आपूर्ति सामान्य होने का दावा किया है। लखनऊ के अलग-अलग इलाकों में 7 मार्च से कॉमर्शियल सिलेंडरों की किल्लत सामने आने लगी थी। गैस एजेंसियों की ओर से समय-समय पर पर्याप्त स्टॉक होने के दावे किए गए, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति सुधरती नजर नहीं आई। कारोबारियों का कहना है कि उन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं, जिससे रोजमर्रा के संचालन में दिक्कतें आ रही हैं।

जिला प्रशासन ने व्यवस्था लागू की कि गैस बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं को सीधे घर पर डिलीवरी दी जाएगी। एजेंसियों पर लाइन नहीं लगेगी। इस फैसले के बाद वितरण प्रणाली पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया, जिससे आपूर्ति और धीमी हो गई।

# जानकीपुरम इलाके में बैंक के क्लर्क की गोली लगने से मौत

### घर के अंदर राइफल साफ कर रहे थे, ठुड्डी को पार कर सिर से निकल गई गोली

तमसा संकेत, एजेंसी




लखनऊ । लखनऊ के जानकीपुरम इलाके में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्लर्क की गोली लगने से मौत हो गई। वह घर में लाइसेंसी राइफल साफ कर रहे थे। इसी दौरान अचानक गोली चल गई जो उनकी ठुड्डी को चीरते हुए ऊपर सिर को पार कर गई। क्लर्क की मौके पर ही मौत हो गई।

घटना पिंक सिटी मिर्जापुर की शनिवार सुबह 9 बजे की है। मृतक की पहचान प्रकाश मिश्रा (50) के रूप में हुई। घटना की सूचना पर जानकीपुरम थाने से पुलिस पहुंची। शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, शुरुआती जांच में मामला हादसा लग रहा है।

जानकीपुरम इंस्पेक्टर विनोद तिवारी ने बताया- पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिसने साक्ष्य इकट्ठा किए। ससुर ईश्वरचंद्र मिश्रा ने बताया कि प्रकाश इस समय यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में क्लर्क के पद पर थे। सेक्टर-क्यू अलीगंज ब्रांच में तैनाती थी। वह एयरफोर्स से 2013 में रिटायर हुए थे। उसके बाद बैंक में नौकरी करने लगे थे।

वह सुबह करीब 9 बजे राइफल साफ कर रहे थे। उसी दौरान हादसा हो गया। राइफल उनके पिता की थी जो उनके नाम हो गई थी। प्रकाश का मूल निवास हरदोई के कोतवाली शहर इलाके में है। वह यहां पत्नी रश्मि के साथ रहते हैं। उनकी बेटी शालिनी की उन्नाव में शादी हो चुकी है। बेटा स्पर्श कानपुर में बीटेक कर रहा है।

# पीडीए के दम पर 2027 की तैयारी

### हर बूथ पर युवाओं को सक्रिय करने का आह्वान

■ अखिलेश यादव बोले- संविधान और अधिकार बचाने के लिए पीडीए सरकार जरूरी, भाजपा की चालों से सतर्क रहने की अपील

तमसा संकेत, संवाददाता



■ अखिलेश यादव ने दावा किया कि युवा, महिला, किसान, मजदूर और व्यापारी वर्ग भाजपा सरकार से असंतुष्ट हैं और 2027 में बड़ा राजनीतिक परिवर्तन तय है। उन्होंने कहा कि पीडीए केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि मान-सम्मान और अधिकारों की लड़ाई का प्रतीक है।

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को अपने संदेश में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समाज के युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे हर बूथ को मजबूत करने के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध होकर काम करें। उन्होंने कहा कि युवाओं में इस बार अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है, जो आगामी चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि बड़े-बुजुर्गों के आशीर्वाद और युवाओं के प्रयास से पीडीए सरकार बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। उनका कहना था कि संविधान की रक्षा तभी संभव है जब पीडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि संविधान के सुरक्षित रहने से ही अधिकार और आरक्षण सुरक्षित रहेंगे, जिससे युवाओं को बिना भेदभाव के रोजगार और अवसर मिल सकेंगे।

उन्होंने युवाओं को नया नारा देते हुए कहा, "पीडीए को जिताएंगे, संविधान को बचाएंगे।" इसके साथ ही उन्होंने सामाजिक न्याय स्थापित करने को पार्टी का मुख्य लक्ष्य बताया। अंत में उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए कहा कि बदलाव के लिए खुद आगे आना होगा और अपने भविष्य को खुद संवारने की जिम्मेदारी उठानी होगी।

**युवाओं को चेतावनी**

भाजपा पर निशाना साधते हुए अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि आगामी चुनाव में किसी भी प्रकार की धांधली, घोटाला या चालबाजी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पीडीए प्रभारी और कार्यकर्ता हर गतिविधि पर नजर रखेंगे और बाहरी राज्यों से आने वाले कथित फर्जी मतदाताओं को चिन्हित कर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

उन्होंने युवाओं को चेतावनी देते हुए कहा कि भाजपा और उसके सहयोगी उन्हें उकसाने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन उन्हें धैर्य और संयम बनाए रखना होगा। उन्होंने जोर दिया कि सकारात्मक ऊर्जा के साथ समाज के हर पीड़ित वर्ग को जोड़कर बदलाव लाने की जरूरत है।

**आरोप :** लखनऊ में समाधान दिवस में किसानों का हंगामा, बोले, एसडीएम ने कहा- एक्शन लेंगे

# ओमेक्स सिटी बिल्डर कर रहा जमीनों पर कब्जा

तमसा संकेत, एजेंसी



■ सरोजनी नगर तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में अली नगर खुर्द के ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया।



लखनऊ । लखनऊ के सरोजनी नगर तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में अली नगर खुर्द के ग्रामीणों ने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने ओमेक्स सिटी प्रबंधन पर उनकी जमीनों पर जबरन कब्जा करने और मकान खाली कराने का दबाव बनाने का आरोप लगाया।

उत्तर प्रदेश क्रांति किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष विजय यादव के नेतृत्व में ग्रामीण दोपहर करीब 12:30 बजे तहसील पहुंचे। दोपहर एक बजे समाधान दिवस स्थल पर एकत्र होकर उन्होंने नारेबाजी करते हुए जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

किसान नेता ने मांग की कि ग्रामीणों को इस समस्या से निजात दिलाई जाए और गांव में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 15 दिनों के भीतर इस मामले का निस्तारण नहीं हुआ, तो एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। गांव निवासी दयाराम लोधी, सत्य प्रकाश लोधी और मुन्नीलाल सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में कई बार तहसील में शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो किसान जमीन देने से इनकार करता है, उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता है, जिससे वह मजबूर होकर अपनी जमीन बेच देता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से खाता संख्या 182/16 की भूमि से अवैध कब्जा हटाने की तत्काल मांग की है।

**श्मशान की जमीन पर अवैध कब्जा**

ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि ग्राम समाज की भूमि, जिसमें श्मशान के लिए दर्ज जमीन भी शामिल है, उस पर भी अवैध कब्जा कर लिया गया है। उत्तर प्रदेश क्रांति किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष विजय सिंह यादव ने कहा कि ओमेक्स सिटी कंपनी के लोग गांव में घर-घर जाकर लोगों पर दबाव बनाते हैं। वे ग्रामीणों की जमीनें जबरन कब्जा कर रहे हैं और उनके घरों के सामने गड्ढे खोदकर लोहे की टीन शेड की बाउंड्री वॉल बनाकर रास्ते बंद कर रहे हैं।

**प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का आरोप था कि ओमेक्स सिटी प्रबंधन उनकी निजी जमीनों पर अवैध रूप से कब्जा कर रहा है। साथ ही, आबादी में बने उनके मकानों को खाली करने का दबाव बनाया जा रहा है और आने-जाने के रास्ते भी बंद किए जा रहे हैं।**

# लखनऊ की सड़कों पर गंदगी देख भड़के प्रभारी मंत्री

### मेयर के साथ 4 वार्डों में देखी सफाई व्यवस्था

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ। लखनऊ में सफाई व्यवस्था की पोल एक बार फिर खुल गई है। शनिवार को प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना और मेयर सुषमा खर्कवाल ने शहर के 4 वार्डों में सफाई व्यवस्था देखी। इस दौरान उन्हें गंदगी तो दिखी ही, लोगों ने भी कूड़ा उठान न होने की शिकायत की। इस पर कार्यदायी कंपनी लखनऊ स्वच्छता अभियान (LSA) के हेड अभय रंजन को बुलाकर मेयर ने मौके पर ही फटकार लगा दी।

मंत्री के निरीक्षण के दौरान मेयर के अलावा नगर आयुक्त गौरव कुमार भी मौजूद रहे। सभी लोग जोन-7 पहुंचे। यहां मैथिली शरण गुप्त वार्ड, इस्माइलगंज प्रथम, इंदिरानगर, बाबू जगजीवन राम वार्ड में जगह-जगह गंदगी मिली। सड़कों पर कूड़ा, नालियां चोक, ट्रांसफॉर्मर के आसपास गंदगी थी। यह देखते ही प्रभारी मंत्री भड़क गए। उन्होंने मेयर से कहा- जिम्मेदारों को चिह्नित कर एक्शन लें।

इंदिरानगर से सफाई न होने की शिकायतें लगातार आ रही थीं। वहां पहुंचने पर मेयर ने सबसे पहले LSA हेड को मौके पर बुलाया। उनसे पूछा कि आपका एक आदमी तक नजर नहीं आ रहा है। सारी मेन रोड गंदी पड़ी हैं। LSA हेड अभय रंजन ने सफाई दी कि इस पर एक्शन लेंगे लेकिन मेयर ने उन्हें जमकर फटकार लगाई।

लोगों ने मेयर के सामने कहा कि यहां कूड़ा वाली गाड़ी नहीं आती है। इस पर मेयर ने जोनल अधिकारी रामेश्वर प्रसाद से कहा कि आज ही इनके घर के आसपास के 10 घरों में जाकर पता करिए कि कूड़ा गाड़ी आती है या नहीं? अगर नहीं आती तो कार्रवाई की जाएगी। आज शाम तक अधिकारी इसकी रिपोर्ट मुझे दें। मंत्री ने साफतौर पर कहा कि नालियों की सफाई न होने से जलभराव और संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ता है।

## पूर्व जिलाधिकारी अविनाश सिंह (आईएएस) की त्वरित पहल और दूरदर्शिता का परिणाम

# अम्बेडकरनगर प्रेस क्लब भवन को 1.38 करोड़ की सौगात

> शासन ने स्वीकृति 16 सख्त शर्तों के साथ दी है। इनमें तकनीकी स्वीकृति लेने के बाद ही कार्य शुरू करना, समयबद्ध पूरा करना, मितव्ययिता, कोई पुनरीक्षण न करने और वित्तीय नियमों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करने जैसी महत्वपूर्ण शर्तें शामिल हैं। जिलाधिकारी अम्बेडकरनगर कार्यदायी संस्था का चयन करेंगे और कार्य की गुणवत्ता व समयसीमा की जिम्मेदारी भी उनकी होगी।

**स्वीकृति**

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। जनपद अम्बेडकरनगर के पत्रकारों के लिए खुशखबरी है। प्रेस क्लब भवन के जीर्णोद्धार व विस्तारीकरण के लिए उत्तर प्रदेश शासन ने 1,38,16,000 रुपये (एक करोड़ अड़तीस लाख सोलह हजार रुपये) की पूर्ण प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति दे दी है। यह स्वीकृति पूर्व जिलाधिकारी अविनाश सिंह (आईएएस) की त्वरित, प्रभावी और पत्रकार-हितैषी पहल का सीधा परिणाम है।

द में अविनाश सिंह (आईएएस) का जिले से ट्रांसफर हो गया और नए जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने कार्यभार संभाला। उन्होंने भी 24 मार्च 2026 को संशोधित आगणन (1,38.16 लाख रुपये) के साथ प्रस्ताव शासन को भेजा। अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद ने 29 मार्च 2026 को स्वीकृति आदेश जारी कर दिया। धनराशि चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुदान संख्या-86, लेखाशीर्षक 4059-01-051-05-24 मद से अवमुक्त की जाएगी। जिले के पत्रकारों में चर्चा है कि अविनाश सिंह (आईएएस) एक ऐसे प्रशासक हैं जो जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हैं। उनकी सक्रियता के कारण ही यह लंबे समय से लंबित मांग पूरी हुई। ट्रांसफर के बावजूद उनकी यह पहल जिले के मीडिया जगत में याद की जाएगी। अब प्रेस क्लब भवन का क्षेत्रफल बढ़ेगा, आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध होंगी और पत्रकारों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा।

### अविनाश सिंह की त्वरित और निर्णायक पहल

तब जिले के जिलाधिकारी के रूप में कार्यरत अविनाश सिंह (आईएएस) ने इस मामले को व्यक्तिगत प्राथमिकता दी। मात्र डेढ़ महीने के अंदर, 5 अक्टूबर 2024 को उन्होंने अपर मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव (मुख्यमंत्री), उत्तर प्रदेश शासन, श्री संजय प्रसाद को विस्तृत पत्र भेजा। पत्र में उन्होंने पूरे मामले का क्रमबद्ध उल्लेख किया, शासकीय कार्य और जनहित को रेखांकित किया तथा स्वीकृति प्रदान करने का सादर अनुरोध किया। अविनाश सिंह (आईएएस) की इसी त्वरित कार्रवाई ने पूरी प्रक्रिया को गति दी। उनकी दूरदर्शिता और सक्रियता के कारण प्रस्ताव शासन के उच्च स्तर तक पहुँचा और आगे की प्रक्रिया तेज हुई। पत्रकार समुदाय आज भी उनकी इस पहल को याद कर उनका आभार व्यक्त कर रहा है।



### मुख्यमंत्री भ्रमण के दौरान उठी मांग

17 अगस्त 2024 को माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के जनपद अम्बेडकरनगर भ्रमण के दौरान प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री शैलेंद्र तिवारी सहित अन्य पदाधिकारियों ने प्रेस क्लब भवन के जीर्णोद्धार व विस्तारीकरण की मांग रखी थी। लंबे समय से जीर्ण-शीर्ण भवन में पत्रकारों को कार्य करने में भारी परेशानी हो रही थी। मुख्यमंत्री जी के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग ने तुरंत 1,33.90 लाख रुपये का आगणन तैयार किया।

# कलेक्ट्रेट में महिला ने मारपीट का लगाया आरोप

## डीएम कार्यालय पहुंची थी मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए, परिसर में हुआ विवाद

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकर नगर के कलेक्ट्रेट परिसर में एक महिला ने मारपीट का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि वह अपने पति के मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची थी। इसी दौरान आगंतुक कक्ष के बाहर उसके साथ मारपीट की गई।

महिला ने आरोप लगाया कि उसके पुत्र और ननद ने कार्यालय के बरामदे में उसके साथ हाथापाई की। मौके पर मौजूद लोगों और सुरक्षाकर्मियों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। महिला ने यह भी कहा कि आरोपियों को पीछे के रास्ते से बाहर भेज दिया गया।

घटना के बाद महिला रोते हुए अपर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंची। वहां उसने पूरी घटना की जानकारी दी और लिखित शिकायत सौंपी। अधिकारियों ने महिला को आश्वासन दिया कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जाएगी।




अधिकारियों के मुताबिक, सुनवाई के बाद जब दोनों पक्ष कार्यालय से बाहर निकले, तभी महिला और उसके पुत्र के बीच विवाद हुआ। मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप कर दोनों को अलग किया।

बाद में युवक को बुलाकर समझाया गया और भविष्य में ऐसा व्यवहार न करने की चेतावनी दी गई। युवक ने अपनी गलती स्वीकार करते हुए माफी मांगी।

### प्रशासन ने बताया पारिवारिक विवाद

इस मामले में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रंजीत सिंह ने स्थिति स्पष्ट की है। उन्होंने बताया कि मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा है। प्रशासन के अनुसार, महिला के पति नीरज के मृत्यु प्रमाण पत्र का मामला विवाद के कारण लंबित था। जनसुनवाई के दौरान दोनों पक्षों को बुलाकर उनकी बात सुनी गई। इसके बाद संबंधित अधिकारी को नियम के अनुसार प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। आदेश के बाद प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया।

**फास्ट न्यूज**

### टांडा में पांच वारंटी गिरफ्तार

अम्बेडकर नगर । टांडा कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने गैर जमानती वारंट के तहत कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई।पुलिस टीम ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर सभी वारंटियों को उनके घर से हिरासत में लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपियों को कारण बताया गया और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई।

### बाबासाहेब जयंती पर अवधी गीत 'भीमाबाई के आंगनवा' रिलीज को तैयार

जलालपुर । अवधी संगीत से जुड़े दर्शकों के लिए नया गीत तैयार है। पंचम परदेशी का एल्बम 'भीमाबाई के आंगनवा बजे बजाना' 5 अप्रैल को रिलीज होगा। यह गीत डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती के मौके पर लाया जा रहा है।गीत की पूरी शूटिंग जलालपुर के ग्रामीण इलाकों में की गई है। इसमें स्थानीय परिवेश और सांस्कृतिक झलक को दिखाने की कोशिश की गई है।गाने में मुख्य भूमिका में अमित खेसारी के साथ रूबी और खुशबू नजर आएंगी। निर्देशन आर. एल. देवर्षि ने किया है। संगीत जेड राकेश और सुमित राज ने तैयार किया है।

### शहजादपुर में रोड पर फिर से कब्ज़ा

अम्बेडकर नगर । शहजादपुर में नगर पालिका और प्रशासन की तमाम कोशिशों के बावजूद ठेले वाले सड़क पर कब्ज़ा किए हुए हैं। सुबह से ही रोड पर ठेले जमाए जाने से यातायात बाधित हो रहा है और आम लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

नगर पालिका ने कई बार ठेले वालों को चेतावनी और चालान दिए, लेकिन वे अब भी नहीं मान रहे।

# अम्बेडकरनगर में शुरू हुआ 'ज्ञान भारतम मिशन'

तमसा संकेत, संवाददाता



अम्बेडकर नगर । जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने शासन के निर्देश पर 'ज्ञान भारतम मिशन' की शुरुआत की है। इस मिशन का उद्देश्य जिले में उपलब्ध पांडुलिपियों, हस्तलिखित ग्रंथों, ताड़पत्रों, भोजपत्रों और अन्य दुर्लभ दस्तावेजों की पहचान, सर्वेक्षण, कैटलॉगिंग, संरक्षण और डिजिटलीकरण करना है।

**दुर्लभ पांडुलिपियों का सर्वेक्षण और डिजिटलीकरण जिला स्तर पर**

जिला स्तर पर सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों, मठों, मंदिरों, शैक्षणिक संस्थानों, निजी और सार्वजनिक पुस्तकालयों तथा व्यक्तियों के पास सुरक्षित पांडुलिपियों और दुर्लभ ग्रंथों की सूची तैयार की जाएगी। पांडुलिपियों की सूची में संबंधित संस्था या व्यक्ति का नाम, प्रभारी का नाम, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और उपलब्ध दस्तावेजों की अनुमानित संख्या का विवरण शामिल करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक केंद्र और व्यक्ति के पास मौजूद पांडुलिपियों की अलग सूची भी तैयार की जाएगी। यह सूची बाद में उत्तर प्रदेश राजकीय अभिलेखागार को भेजी जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि सर्वेक्षण कार्य 'Gyan Bhartam App' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से किया जाएगा। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर पर निःशुल्क उपलब्ध है। मिशन के तहत पांडुलिपियों का स्वामित्व उनके मूल संग्रहकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

# दुर्घटनाओं और गंभीर चोटों के मरीज तुरंत पा सकेंगे जीवनरक्षक इलाज

## जिला अस्पताल में शुरू होगी कॉम्प्रिहेंसिव मेडिकल सर्जिकल एंड एक्सीडेंटल इमरजेंसी यूनिट

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर। जिला अस्पताल में बहुप्रतीक्षित कॉम्प्रिहेंसिव मेडिकल सर्जिकल एंड एक्सीडेंटल इमरजेंसी यूनिट (CMSAEU) का संचालन सोमवार से शुरू हो जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने इसके संचालन के लिए सभी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

इस नई इमरजेंसी यूनिट के शुरू होने के बाद सड़क दुर्घटनाओं और गंभीर चोटों वाले मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर और त्वरित इलाज मिलेगा। इससे पहले गंभीर चोटों वाले मरीजों को इलाज के लिए लखनऊ या अन्य बड़े शहरों में भेजना पड़ता था। इस प्रक्रिया में मरीजों की जान को खतरा रहता था और परिजनों पर आर्थिक बोझ भी बढ़ता था। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने लंबे समय से इस यूनिट के संचालन की मांग की थी।



जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा के बाद इसकी अनुमति दी। वर्ष 2022 में तैयार यह यूनिट तकनीकी और प्रशासनिक कारणों से अब तक शुरू नहीं हो पाई थी। जिला अस्पताल की कुल क्षमता 200 बिस्तरों की है और यहां पहले से ही गहन चिकित्सा इकाई (ICU) मौजूद है। नए ट्रामा सेंटर में शुरुआत में पांच बिस्तरों के साथ सेवाएं दी जाएंगी, ताकि इलाज की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सके। यूनिट में गंभीर और आपातकालीन मामलों के लिए आवश्यक उपकरण और मेडिकल स्टाफ उपलब्ध रहेगा।

इस पहल से जिले में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं में मजबूती आएगी। गंभीर मामलों में समय पर इलाज मिलने से मरीजों की जान बचाने में मदद मिलेगी और स्थानीय स्वास्थ्य प्रणाली पर दबाव भी कम होगा। CMSAEU की शुरुआत से अंबेडकर-नगर के लोगों को आपातकालीन और गंभीर चोटों के मामलों में बेहतर सुविधा और राहत मिलने की उम्मीद है।

# क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, महिला से 3.53 लाख रुपये की ठगी

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर। एनटीपीसी टांडा टाउनशिप में रहने वाली एक महिला से क्रेडिट कार्ड वाउचर रिडीम कराने के नाम पर 3.53 लाख रुपये की धोखाधड़ी हुई है। मामले की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पीड़िता ने बताया कि 14 दिसंबर 2025 को उन्हें एक फोन कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को एचडीएफसी बैंक का कर्मचारी बताया और क्रेडिट कार्ड के वेलकम वाउचर को रिडीम करने का प्रस्ताव रखा। आरोपी ने पहले पीड़िता को बैंक की आधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए कहा, लेकिन जब विकल्प नहीं मिला तो सर्वर डाउन होने का बहाना दिया।



**एचडीएफसी बैंक के वाउचर रिडीम का झांसा देकर खाते से निकाल लिए लाखों**

पीड़िता के अनुसार 20 दिसंबर को उनके क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ा दी गई। अगले दिन, 21 दिसंबर को कार्ड में कुछ बदलाव किए गए। इसी दिन तीन अलग-अलग लेनदेन के माध्यम से कुल 3,53,619 रुपये उनके खाते से निकाल लिए गए। धोखाधड़ी का पता चलते ही पीड़िता ने तुरंत बैंक को सूचित किया और अपना कार्ड ब्लॉक कराया। इसके बाद उन्होंने साइबर क्राइम थाना में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और ट्रांजेक्शन का पता लगाने के लिए तकनीकी टीम भी सक्रिय है।

## प्रशासन और केंद्र सरकार के समन्वय से जॉर्डन के रास्ते कराई गई वापसी

# इज़राइल से सुरक्षित लौटा अम्बेडकर नगर का युवक

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर । अकबरपुर निवासी अखिलेश कुमार को संघर्षग्रस्त इज़राइल से सुरक्षित वापस लाया गया। यह वापसी जॉर्डन के रास्ते संभव हो सकी। पूरे मामले में प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन और केंद्र सरकार के बीच समन्वय से त्वरित कार्रवाई की गई।डीएम अनुपम शुक्ला की पहल और लगातार प्रयासों ने एक परिवार के चेहरे पर मुस्कान लौटा दी है.

अखिलेश कुमार रोजगार के लिए इज़राइल गए थे। वह नेटान्या शहर में फंस गए थे। वहां की परिस्थितियों और नियोक्ता के असहयोग के कारण वह वापस लौटने में असमर्थ हो गए। इससे उनकी स्थिति बिगड़ने लगी। 28 मार्च को इज़राइल स्थित भारतीय दूतावास को पत्र भेजा गया। इसके साथ ही भारत का विदेश मंत्रालय ने इज़राइल और जॉर्डन में भारतीय दूतावासों के साथ समन्वय शुरू किया।



तेल अवीव और जॉर्डन के अधिकारियों के बीच लगातार संपर्क बनाए रखा गया।

जॉर्डन की राजधानी अम्मान पहुंचने के बाद अखिलेश ने 2 अप्रैल की रात रॉयल जॉर्डनियन फ्लाइट से यात्रा की।3 अप्रैल की सुबह वह मुंबई पहुंचे। वहां से एयर इंडिया की उड़ान से लखनऊ लाया गया। लखनऊ पहुंचने के बाद उन्हें घर भेज दिया गया।

इस अभियान में विदेश मंत्रालय, भारतीय दूतावास, जॉर्डन प्रशासन, एयरलाइंस और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का सहयोग रहा।

जिला प्रशासन ने सभी संबंधित एजेंसियों के साथ लगातार संपर्क बनाए रखा।

अखिलेश कुमार सुरक्षित घर पहुंचकर अपने परिवार से मिले।

### जनता दर्शन में उठाया गया मामला

अखिलेश की पत्नी किरण देवी ने 25 मार्च 2026 को जनता दर्शन में जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला से मिलकर मदद की अपील की। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने तुरंत इसे शासन स्तर पर भेजा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को अखिलेश की सुरक्षित वापसी के निर्देश दिए। इसके बाद प्रक्रिया तेज कर दी गई।

### जॉर्डन के रास्ते बनाई गई रणनीति

इज़राइल के हवाई अड्डे बंद होने के कारण वैकल्पिक योजना बनाई गई। 1 अप्रैल को जॉर्डन का वीजा और टिकट की व्यवस्था की गई। 2 अप्रैल को अखिलेश को विशेष वाहन से तेल अवीव स्थित भारतीय दूतावास पहुंचाया गया। वहां से उन्हें सुरक्षित जॉर्डन सीमा तक ले जाया गया।

इसके बाद वह जलालपुर तहसील के अपने गांव हाजपुरा पहुंचे। गांव में उनके लौटने पर खुशी का माहौल रहा।

# कार्यक्रम : बेवाना मंडल में भाजपा का प्रशिक्षण वर्ग शुरू

तमसा संकेत, संवाददाता

**कार्यकर्ताओं को संगठन पद्धति और बूथ स्तर की रणनीति पर दिया गया प्रशिक्षण**

अंबेडकर नगर । भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत बेवाना मंडल का प्रशिक्षण वर्ग शुक्रवार को शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रदेश महामंत्री और विधान परिषद सदस्य अनूप गुप्ता ने सीबी सिंह लॉ कॉलेज परिसर में फीता काटकर किया। इस दौरान जिला प्रभारी पदम सेन चौधरी, जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

प्रशिक्षण सत्र में अनूप गुप्ता ने भाजपा की कार्यप्रणाली पर विस्तार से बात की। उन्होंने कहा कि पार्टी सामूहिक निर्णय और टीम वर्क के आधार पर काम करती है। कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के लिए निरंतर संवाद और संपर्क बनाए रखना चाहिए।



उन्होंने बूथ स्तर को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया। कमजोर बूथों और शक्ति केंद्रों की पहचान कर वहां विशेष रणनीति बनाने की बात कही। साथ ही हर बूथ पर सक्रिय समिति और नियमित कार्यक्रमों के आयोजन को जरूरी बताया।

जिलाध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी ने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के बौद्धिक और संगठनात्मक विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। इससे कार्यकर्ताओं को कार्य करने का तरीका और जिम्मेदारियों की समझ मिलती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने सीमित कार्यकर्ताओं से शुरुआत की थी, लेकिन मेहनत और समर्पण के दम पर आज यह दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। प्रशिक्षण वर्ग के समापन सत्र में जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय ने पार्टी के इतिहास और विकास यात्रा पर जानकारी दी। इसके अलावा जिला प्रभारी पदम सेन चौधरी, कपिल देव वर्मा, यमुना प्रसाद चतुर्वेदी, बाबा राम शब्द यादव, विनय पांडेय और मनीष मिश्र ने भी अलग-अलग विषयों पर कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया।

# बसखारी में सर्राफा व्यवसायी से सात लाख की लूट

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकर नगर । बसखारी थाना क्षेत्र में एक सर्राफा व्यवसायी से लगभग सात लाख रुपये मूल्य के जेवरात लूटे जाने की घटना सामने आई है। घटना पटना मुबारकपुर के पास हुई, जहां बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने असलहा दिखाकर व्यवसायी की बाइक की डिक्की से जेवर निकाल लिए और फरार हो गए। आलापुर थाना क्षेत्र के भीमावल गांव निवासी रोहित शर्मा ने बताया कि वह बसखारी की एक सुनार की दुकान से हार, सोने की चेन, अंगूठी और अन्य जेवरात लेकर अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार दो बदमाशों ने उन्हें रोका और जेवरात छीने। घटना दोपहर लगभग 12 बजे हुई। रोहित शर्मा ने घबराहट में घटनास्थल से करीब 12 किलोमीटर दूर रामनगर बाजार स्थित अपनी दुकान पर पहुंचकर दुकानदार को सूचना दी। पुलिस को सूचना मिलते ही आलापुर थानाध्यक्ष रितेश पांडे तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे। इसके बाद बसखारी थानाध्यक्ष सुनील पांडे भी मौके पर पहुँचकर मामले की जांच में जुट गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर सभी पहलुओं से जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। पुलिस टीम घटना की सभी बिंदुओं की गहनता से पड़ताल कर रही है। इसमें सीसीटीवी फुटेज, आसपास के लोगों के बयान और मार्ग की जांच शामिल है। पुलिस ने लूटे गए जेवरात की पूरी जानकारी भी जुटाई है, ताकि जल्द ही आरोपियों का पता लगाया जा सके।



**बाइक सवार दो बदमाशों ने असलहा दिखाकर जेवरात छीने, पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की**

## सुविधा : कलेक्ट्रेट सभागार में लाइव प्रसारण, नामांकन और सुविधाओं पर जोर

# 'जिले में स्कूल चलो अभियान 2026-27' का शुभारंभ

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर । शनिवार को 'स्कूल चलो अभियान 2026–27' का शुभारंभ कलेक्ट्रेट सभागार में लाइव प्रसारण के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का प्रसारण योगी आदित्यनाथ द्वारा किए गए राज्य स्तरीय उद्घाटन से जोड़ा गया। जिले में कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा और जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की मौजूदगी में हुई।

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों की शिक्षा सबसे जरूरी है और सभी अभिभावक अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें। उन्होंने बताया कि सरकारी स्कूलों में सुविधाएं लगातार बेहतर की जा रही हैं और कई स्कूलों का कायाकल्प किया गया है। जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने शिक्षा को हर बच्चे का अधिकार बताते हुए अधिकारियों और शिक्षकों को निर्देश दिए कि आंगनबाड़ी से निकलने वाले और छूटे हुए बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई पर जोर देने को कहा। जिले में 'ऑपरेशन कायाकल्प' के तहत 19 मानकों पर काम हुआ है। इसके अंतर्गत 99.50 प्रतिशत स्कूलों में आवश्यक सुविधाएं पूरी की जा चुकी हैं। इससे स्कूलों की बुनियादी व्यवस्था मजबूत हुई है। शैक्षिक सत्र 20 5-26 में 1,41,062 छात्रों को प्रेरणा पोर्टल के माध्यम से डीबीटी के जरिए प्रति छात्र 1200 रुपये दिए जा रहे हैं। इस राशि से यूनिफॉर्म, स्वेटर, स्कूल बैग, जूता-मोजा और स्टेशनरी खरीदी जानी है। प्रशासन ने अभिभावकों से जल्द सामग्री खरीदने की अपील की है।




सत्र 2026-27 में जिले के 478 स्कूलों में स्मार्ट क्लास स्थापित की गई हैं। इससे पढ़ाई को डिजिटल और आसान बनाने में मदद मिलेगी।

### मिड-डे मील और स्वास्थ्य सुविधाएं

जिले के सभी प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्कूलों में मध्यान्ह भोजन योजना लागू है। प्राथमिक स्तर पर 100 ग्राम और उच्च प्राथमिक स्तर पर 150 ग्राम भोजन दिया जाता है। बच्चों को निर्धारित कैलोरी के अनुसार भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।इसके अलावा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर प्रमाण पत्र भी जारी किए गए हैं।

# मौलाना आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज में छात्राओं को सुरक्षा के टिप्स

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर । जलालपुर स्थित मौलाना आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज में शनिवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला सुरक्षा और आत्मरक्षा को लेकर छात्राओं को जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में थाना जलालपुर की महिला पुलिस टीम ने छात्राओं को आत्मरक्षा के उपाय बताए। साथ ही साइबर अपराध से बचाव, कानूनी अधिकार और सुरक्षा से जुड़े विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने छात्राओं को बताया कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि या परेशानी की स्थिति में तुरंत सतर्क रहें और मदद लें।

छात्राओं को आपातकालीन स्थिति में उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। इनमें 1090 (महिला हेल्पलाइन), 112 (पुलिस), 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181 (घरेलू हिंसा), 1930 (साइबर क्राइम), 108 (एंबुलेंस) और 101 (फायर सेवा) शामिल हैं।पुलिस ने कहा कि इन नंबरों पर तुरंत संपर्क कर सहायता प्राप्त की जा सकती है।



**मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला पुलिस ने किया जागरूक**

कार्यक्रम में छात्राओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और किसी भी घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने के लिए कहा गया।उन्हें निर्भीक होकर अपनी बात रखने और सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने पर जोर दिया गया।इस दौरान विद्यालय प्रबंधन और शिक्षक भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया।

# सम्पादकीय

## जन विश्वास विधेयक अमल का रास्ता साफ




लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी जन विश्वास संशोधन विधेयक पारित होने से कानून के रूप में उसके अमल का रास्ता साफ हो गया। इसके माध्यम से उस व्यवस्था को विदा देने का जतन किया गया है, जिसमें छोटी-छोटी गलतियों या सामान्य नियम-कानूनों के उल्लंघन पर जेल की सजा का प्रविधान था। अब ऐसा होने पर आर्थिक दंड लगेगा। जन विश्वास विधेयक का मूल उद्देश्य जीवन सुगमता के साथ व्यापार सुगमता को बढ़ावा देना और न्याय व्यवस्था को ज्यादा मानवीय एवं व्यावहारिक बनाना है। इसी कारण प्रधानमंत्री ने इस विधेयक के पारित होने पर यह आशा व्यक्त की कि इसके जरिये भरोसे पर आधारित व्यवस्था का निर्माण होने के साथ आम नागरिक सशक्त बनेंगे।

चूंकि इस विधेयक के जरिये 79 केंद्रीय कानूनों के 784 प्रविधानों में संशोधन किए गए हैं और 700 से अधिक छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया है, इसलिए मुकदमों का बोझ हटेगा और न्यायिक तंत्र पर दबाव कम होगा। अब ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि खत्म होने पर भी वह 30 दिन तक वैध रहेगा और राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाने पर सजा के स्थान पर जुर्माने का प्रविधान होगा।

इसी तरह अन्य अनेक मामलों में ऐसा होगा। इनमें से कई मामले कारोबारियों से भी जुड़े हैं, जैसे पहले ड्रग्स एवं कास्मेटिक नियमों के उल्लंघन पर जेल हो सकती थी, लेकिन अब केवल जुर्माना लगेगा। जो छोटे कारोबारी प्रायः जटिल नियम-कानूनों के अनचाहे उल्लंघन के कारण दंडित होने के दबाव में रहते थे, वे अब भयमुक्त होंगे।

वास्तव में कानून का शासन ऐसा होना चाहिए, जिसमें मामूली गलती या किसी गफलत या अनजाने में की गई भूल सजा का कारण नहीं बननी चाहिए। अब जब जन विश्वास विधेयक से हालात में व्यापक बदलाव की उम्मीद की जा रही है, तब यह आवश्यक हो जाता है कि इस विधेयक के प्रविधानों से आम जनता को अवगत कराया जाए, ताकि वह अधिकतम लाभ उठा सके और शोषण एवं भ्रष्टाचार से भी बच सके।

ध्यान रहे आम लोग सशक्त तब होते हैं, जब वे नियम-कानूनों से भली तरह अवगत होते हैं। जनता को बदले हुए नियम-कानूनों से परिचित कराने का काम सरकार को करना चाहिए। इसी के साथ उसे इसे लेकर सावधान रहना होगा कि छोटे अपराधों में जेल भेजने वाले प्रविधानों की जगह चेतावनी देने और जुर्माना लगाने वाली नई व्यवस्था से समाज में ऐसा कोई संदेश न जाए कि नियम-कानूनों के उल्लंघन पर जुर्माना देकर बचा जा सकता है। यदि जुर्माना देकर नियम-कानूनों को हल्के में लेने की प्रवृत्ति बढ़ी तो इस विधेयक का उद्देश्य ही व्यर्थ हो जाएगा। लोगों को यह समझना आवश्यक है कि अधिकारों के साथ कर्तव्यों के पालन से ही कोई राष्ट्र प्रगति पथ पर तेजी से आगे बढ़ता है।

# दंड से सुधार की ओर विश्वास आधारित न्यायिक यात्रा

> इस कानून से न्यायिक प्रक्रिया तेज होगी और गंभीर अपराधों पर अधिक ध्यान दिया जा सकेगा। यह कानून न्यायिक सुधार की दिशा में भी एक बड़ा ऐतिहासिक कदम है, क्योंकि इससे न्यायालयों का समय और संसाधन बचेंगे और न्याय प्रणाली अधिक प्रभावी बनेगी।






भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था में कानून का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि व्यवस्था, अनुशासन, सुधार और विश्वास का वातावरण बनाना भी होता है। इसी दृष्टि से भारत सरकार द्वारा लाया गया जन विश्वास विधेयक 2026 पहले लोकसभा के बाद अब राज्यसभा से भी पारित होने से इसके कानून के रूप में अमल का रास्ता साफ हो गया। इसके माध्यम से उस व्यवस्था को विदा देने का जतन किया गया है, जिसमें छोटी-छोटी गलतियों या सामान्य नियम-कानूनों के उल्लंघन पर जेल की सजा का प्रविधान था, अब ऐसा होने पर आर्थिक दंड लगेगा। निश्चित ही इस विधेयक का पारित होना एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक कदम है, भारतीय कानूनी परिवेश की एक उजली भोर है। निश्चित तौर यह कानून दंडात्मक व्यवस्था से सुधारात्मक व्यवस्था की ओर बढ़ने का संकेत देता है। इसमें लगभग 79 केंद्रीय कानूनों में संशोधन कर 784 प्रविधानों में संशोधन किये गये हैं और 700 से अधिक छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया गया है। इससे अदालतों में मुकदमों का बोझ और न्यायिक तंत्र पर दबाव कम होगा। अब ड्राइविंग लाइसेंस की अवधि खत्म होने पर भी वह 30 दिन तक वैध रहेगा और राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगाने पर सजा के स्थान पर जुर्माने का प्रविधान होगा। इसी तरह अन्य अनेक मामलों में ऐसा होगा। इनमें से कई मामले कारोबारियों से भी जुड़े हैं, जैसे पहले ड्रग्स एवं कास्मेटिक नियमों के उल्लंघन पर जेल हो सकती थी, लेकिन अब केवल जुर्माना लगेगा। जो छोटे कारोबारी प्रायः जटिल नियम-कानूनों के अनचाहे उल्लंघन के कारण दंडित होने के दबाव में भयभीत रहते थे, वे अब भयमुक्त होंगे।

भाजपा सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रमुख लक्ष्यों में से एक है भारत की व्यवस्था एवं कानूनों का सरल एवं सुगम बनाना, यह कानून उसी दिशा में एक रचनात्मक एवं सृजनात्मक उपक्रम है। इस विधेयक से न केवल न्यायिक प्रणाली पर बोझ कम होगा बल्कि नागरिकों, उद्यमियों और निवेशकों में सरकार के प्रति विश्वास भी बढ़ेगा। इसे "न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन" की अवधारणा को व्यवहार में उतारने वाला कानून भी कहा जा सकता है। दंड नहीं, सुधार की भावना को बल देते हुए इस कानून से आम-जनता को कानून की जटिल प्रक्रियाओं एवं भ्रष्टाचार की व्यवस्था से मुक्ति मिलेगी। भारतीय न्याय व्यवस्था लंबे समय तक दंड आधारित रही है, जिसमें छोटे-छोटे उल्लंघनों के लिए भी आपराधिक मुकदमे चल जाते थे। इससे अदालतों में मुकदमों का ढेर लग जाता था और आम नागरिक अनावश्यक कानूनी प्रक्रियाओं में उलझ जाते थे। जन विश्वास विधेयक ने इस सोच को बदलने का प्रयास किया है। इससे कानून का उद्देश्य दंड देना नहीं, बल्कि सुधार करना और व्यवस्था बनाए रखना होगा। अपराध की गंभीरता के अनुसार दंड तय करना न्याय के मूल सिद्धांतों के अधिक अनुरूप है।

इस कानून का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य व्यापार और उद्योग जगत में विश्वास का वातावरण बनाना भी है। पहले कई छोटे नियमों के उल्लंघन पर आपराधिक मुकदमे दर्ज हो जाते थे, जिससे उद्यमियों और निवेशकों में भय का वातावरण रहता था। अब आर्थिक दंड के प्रावधान से अनुपालन का बोझ कम होगा और व्यापार करने में आसानी होगी। इससे छोटे उद्यमियों, स्टार्टअप और उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा तथा भारत में निवेश का वातावरण और बेहतर बनेगा। वैश्विक स्तर पर भी भारत की छवि एक सरल और निवेश अनुकूल देश के रूप में मजबूत होगी।

इस कानून की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसकी भावना भारतीय संस्कृति के बहुत निकट दिखाई देती है। भारतीय संस्कृति में दंड से अधिक सुधार, प्रतिशोध से अधिक क्षमा और अपराध से अधिक परिमार्जन की परंपरा रही है। हमारे शास्त्रों और परंपराओं में कहा गया है कि मनुष्य से गलती होना स्वाभाविक है, लेकिन उसे सुधार का अवसर मिलना चाहिए। छोटी-छोटी गलतियों के लिए कठोर दंड देना न्याय नहीं, बल्कि अन्याय की श्रेणी में आ सकता है। इस दृष्टि से यदि कानून व्यवस्था में क्षमा, सुधार और परिमार्जन की व्यवस्था हो, तो समाज अधिक मानवीय और संवेदनशील बन सकता है। भारत की संस्कृति दंडात्मक नहीं, बल्कि सुधारात्मक और समन्वय-वादी रही है। जन विश्वास विधेयक इसी भावना को आधुनिक कानूनी व्यवस्था में स्थापित करने का प्रयास प्रतीत होता है। यह कानून विश्वास आधारित शासन की ओर अग्रसर होने के साथ मेरा भारत महान् का उद्घोष है। यह कानून सरकार और नागरिकों के बीच विश्वास को मजबूत करने वाला भी है। जब सरकार नागरिकों को अपराधी मानने की बजाय जिम्मेदार नागरिक मानकर कानून बनाएगी, तो नागरिकों में भी कानून के प्रति सम्मान और पालन की भावना बढ़ेगी। विश्वास आधारित शासन किसी भी लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति होता है। भय आधारित शासन में नागरिक कानून से बचने की कोशिश करते हैं, जिससे समाज में भ्रष्टाचार को पनपने का मौका मिलता है जबकि विश्वास आधारित शासन में नागरिक कानून का पालन स्वयं करते हैं। देश एवं समाज के प्रति जिम्मेदारी का अहसास स्वतः जागता है।

भारत ने 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखा है। विकसित राष्ट्र बनने के लिए केवल आर्थिक विकास ही नहीं, बल्कि न्यायिक, प्रशासनिक और कानूनी सुधार भी आवश्यक हैं।

**ललित गर्ग**

## लैंगिक समानता को बल देने वाली पहल

गर्मियां शुरू हो चुकी हैं और इसी के साथ जल संकट के दिन आने वाले है। ऐसे ही माहौल में बीते दिनों विश्व जल दिवस मनाया गया। 1993 से संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाया जा रहा यह दिवस जल को जीवन, विकास और मानव अधिकार के रूप में स्थापित करने के वैश्विक प्रयासों का प्रतीक है, किंतु इस औपचारिकता के पीछे एक कठोर सच्चाई आज भी यथावत है। यह सच्चाई केवल आंकड़ों में नहीं, बल्कि रोजमर्रा के जीवन में दिखाई देती है।

फिजी के एक तटीय गांव में रहने वाली छह वर्षीय लैसानी घर के पास पानी के टैंक से वर्षा जल एकत्र करती है। वह प्लास्टिक की बोतलों में पानी भरकर घर लाती है, जहां पीने से पहले उसे उबाला जाता है। उसके परिवार के लिए वर्षा जल ही सुरक्षित पानी का मुख्य स्रोत है। इसे उपयोग योग्य बनाए रखना उनके दैनिक जीवन का अनिवार्य हिस्सा है। यह केवल एक परिवार की कहानी नहीं, बल्कि तथ्य बताते हैं कि विश्व में लगभग 1.8 अरब लोगों के घरों में पेयजल उपलब्ध नहीं है।

हर तीन में से दो परिवारों में पानी लाने की जिम्मेदारी मुख्यतः महिलाओं और लड़कियों पर होती है। पानी लाने और उसके प्रबंधन में खपने वाला समय अक्सर लड़कियों की शिक्षा में बाधा, स्वास्थ्य जोखिमों में वृद्धि और सीमित अवसरों का कारण बनता है। विभिन्न अध्ययनों के अनुसार वैश्विक स्तर पर महिलाएं और लड़कियां प्रतिदिन लगभग 25 करोड़ घंटे पानी एकत्र करने में व्यतीत करती हैं। यह केवल समय का आंकड़ा नहीं, बल्कि वे असंख्य अवसर हैं, जो शिक्षा, कौशल विकास, मनोरंजन या आय अर्जित करने वाली गतिविधियों में परिवर्तित हो सकते थे।

**ऋतु सारस्वत**

## सुप्रीम कोर्ट ने इसे ...

कमलेश पांडेय

# आखिर पश्चिम बंगाल में 'चुनावी जंगलराज' के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई क्यों नहीं?



पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआई-आर) प्रक्रिया के दौरान 7 न्यायिक अधिकारियों, जिनमें 3 महिलाएं भी शामिल थीं, के साथ हुई दुर्व्यवहार की घटना वहां के कानून-व्यवस्था और चुनावी प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाती है। चूंकि राज्य में चुनावी प्रक्रिया चल रही है और राज्य प्रशासन चुनाव आयोग के अधीन है, इसलिए मौजूदा स्थिति के लिए ममता सरकार को दोषी ठहराना न्यायोचित नहीं है। बेहतर होगा पश्चिम बंगाल में 'चुनावी जंगलराज' के लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाए जो कि तमाम राजनीतिक अराजकता की जड़ बन चुके हैं! सवाल विधि के शासन का है जो विरोधाभासों से भरे पड़े संविधान के समक्ष दम तोड़ता प्रतीत हो रहा है, इसलिए संविधान के संरक्षक सुप्रीम कोर्ट की इस कार्रवाई में भविष्य के लिए स्पष्ट नजीर दिखनी चाहिए अन्यथा भारत और भारतवासियों का भला नहीं होगा! दरअसल, मालदा के कयाचक क्षेत्र में वोटर लिस्ट से नाम हटाए जाने के विरोध में सैकड़ों लोगों ने 1 अप्रैल 2026 को दोपहर 3:30 बजे से 9 घंटे से अधिक समय तक अधिकारियों को घेर लिया। प्रदर्शनकारियों ने बीडीओ कार्यालय में अधिकारियों को बंधक बनाया जहां उन्हें भोजन-पानी के बिना रखा गया। सुप्रीम कोर्ट ने कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के पत्र पर स्वतः संज्ञान लिया। सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी, मालदा डीएम व एसपी को कारण बताओ (शो-कॉज) नोटिस जारी किया और 6 अप्रैल को ऑनलाइन सुनवाई बुलाई।

सुप्रीम कोर्ट ने इसे ₹नागरिक व पुलिस प्रशासन की पूर्ण विफलता₹ बताया तथा सीबीआई या एनआईए से जांच के निर्देश दिए जिसे चुनाव आयोग ने सीबीआई को सौंप दिया। यह घटना न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर हमले के रूप में देखी जा रही है जिसके राजनीतिक मायने खतरनाक हैं क्योंकि बीजेपी ने टीएमसी पर भीड़ भड़काने का आरोप लगाया, साथ ही इसे ₹लॉ एंड ऑर्डर की विफलता₹ और ₹नकली वोटरों के नाम डिलीट होने का डर₹ बताया। वहीं, टीएमसी ने बीजेपी व चुनाव आयोग को जिम्मेदार ठहराया और एसआई-आर को ₹गंदी साजिश₹ कहा। उल्लेखनीय है कि आगामी विधानसभा चुनावों (23-29 अप्रैल) से ठीक पहले इस विवाद के उभरने से राजनीतिक ध्रुवीकरण तेज हुए हैं।

वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने मालदा घटना पर पश्चिम बंगाल सरकार को कड़ी फटकार लगाई और इसे न्यायिक अधिकारियों को डराने-धमकाने की सुनियोजित साजिश और अदालत के अधिकार को खुली चुनौती बताया। कोर्ट ने राज्य प्रशासन की निष्क्रियता पर सख्ती दिखाते हुए इसे कानून-व्यवस्था की पूर्ण विफलता करार दिया। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा, ₹यह कोई सामान्य विरोध नहीं बल्कि एसआईआर की प्रक्रिया को बाधित करने का पूर्वनियोजित प्रयास था।₹ इससे प्रशासन की भूमिका पर सवाल उठते हैं। आखिर ₹रात 11 बजे तक डीएम-एसपी क्यों नहीं पहुंचे? जब राजनीतिक नेता मौके पर थे तो प्रशासन क्यों सो रहा था?₹ इसे न्यायपालिका पर हमला बताते हुए ₹घिनौना प्रयास₹ कहा जो चुनावी प्रक्रिया को पटरी से उतारने का मकसद रखता था।

ततपश्चात कोर्ट ने मुख्य सचिव, डीजीपी, मालदा डीएम-एसपी को कारण बताओ (शो-कॉज) नोटिस जारी किया और 6 अप्रैल को सुनवाई बुलाई। वहीं, चुनाव आयोग को एसआईआर से जुड़े अधिकारियों की सुरक्षा के लिए केंद्रीय बल तैनात करने तथा भीड़ नियंत्रण (5 से अधिक लोगों पर रोक) के निर्देश दिए। साथ ही सीबीआई/एनआईए जांच का सुझाव भी दिया।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा घटना पर चुनाव आयोग को दोषी ठहराते हुए कहा कि राज्य प्रशासन उनके नियंत्रण में नहीं रहा। उन्होंने दावा किया कि उन्हें घटना की जानकारी आधी रात को एक पत्रकार से मिली और एसआईआर प्रक्रिया से लोगों का गुस्सा जायज है। ममता ने कहा, ₹मुझे नहीं पता वे कौन थे जिन्होंने अधिकारियों का घेराव किया लेकिन एसआईआर से लोग नाराज हैं।₹ उन्होंने चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि चुनाव से पहले शीर्ष अधिकारियों के तबादले से ₹सुपर राष्ट्रपति शासन₹ चल रहा है। बीजेपी को जिम्मेदार बताते हुए जांच की मांग की और कहा, ₹मेरी सारी शक्तियां छीन ली गईं। ममता का यह बयान सागरदिघी या धूमुरपहाड़ी रैली में आया जहां उन्होंने टीएमसी को निर्दोष बताया।

## बयाना ...

अमरपाल सिंह वर्मा

# जलवायु परिवर्तनः पान की पारंपरिक खेती खतरे में



राजस्थान के भरतपुर जिले की बयाना तहसील के कुछ गांव आजकल किसी रिपोर्ट के आंकड़े नहीं बल्कि एक धीमी त्रासदी की तरह सामने आते हैं। कभी यहां पान की बेलें सिर्फ खेतों में नहीं, लोगों की जिंदगी में भी लहलहाती थीं। आज वही बेलें सिकुड़ गई हैं और उनके साथ सिकुड़ गई है एक पूरे समुदाय की आर्थिक और सामाजिक दुनिया। एक आज ये गांव खाली हो रहे हैं। वहां के ग्रामीण कामकाज के लिए बड़े शहरों में पलायन कर गए हैं। खाली पड़े मकान गांवों को भुतहा सा दर्शाते हैं।

पिछले दिनों मैंने जब इस इलाके के बारे में सुना था तो एक बात बार-बार मन में आ रही थी कि क्या सचमुच यह सिर्फ मौसम की मार है? या फिर हम अपनी जिम्मेदारियों को 'जलवायु परिवर्तन' जैसे बड़े शब्दों के पीछे छिपा रहे हैं? यह सच है कि मौसम बदल गया है। सर्दियां पहले जैसी नहीं रही हैं, गर्मियां झुलसा देती हैं और बारिश अपने समय पर नहीं आती। पान जैसी नाजुक फसल के लिए यह बदलाव जानलेवा साबित हुआ है। मैं जब इस इलाके में गया तो गांवों की समृद्ध अर्थ व्यवस्था को उजड़े हुए पाया। खरैरी, बागरैन और खानखेड़ा गांवों के किसान बताते हैं कि पहले पान की एक बेल पंद्रह फीट तक जाती थी, अब सात-आठ फीट पर ही दम तोड़ देती है। पत्ते कम हो गए हैं, और जो हैं, वे भी अक्सर दागदार या जले हुए मिलते हैं।

लेकिन यहां कहानी यहीं खत्म नहीं होती है। असल कहानी वहां से शुरू होती है, जहां किसान मौसम से लड़ते-लड़ते थक जाता है और फिर उसे अहसास होता है कि इस लड़ाई में वह अकेला है। कोई उसके साथ नहीं है। पान की खेती आज भी फसल बीमा के दायरे से बाहर है। यह एक ऐसी हकीकत है जिसे सुनकर हैरानी नहीं बल्कि चिंता होनी चाहिए। बड़ा सवाल यह है कि जब जोखिम बढ़ रहा है, तब सुरक्षा का दायरा क्यों नहीं बढ़ता? क्या हमारी नीतियां केवल गेहूं-चावल जैसी मुख्यधारा की फसलों तक सीमित रह गई हैं? या फिर हम उन फसलों को नजर-अंदाज कर रहे हैं, जो भले ही राष्ट्रीय आंकड़ों में बड़ी न दिखें लेकिन स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं?

बयाना का खरैरी गांव इसका जीता-जागता उदाहरण है। कभी यहां पान की वजह से इतनी रौनक थी कि बैंक की मुख्य शाखा तक खुल गई थी। आज हालात ऐसे हैं कि यह बैंक भी अपना बोरिया-बिस्तर समेट चुका है। यह सिर्फ एक आर्थिक गिरावट नहीं, बल्कि एक पूरे दौर के खत्म होने की निशानी है।

इसके बाद आता है पलायन। गांव के युवा अब खेतों में नहीं, शहरों की भीड़ में मिलते हैं। बड़े शहरों में कोई सिक्योरिटी गार्ड है, कोई हलवाई के यहां काम कर रहा है, कोई ऑटो चला रहा है। यह बदलाव सिर्फ पेशे का नहीं है बल्कि पहचान का भी है।

## जरा हटके

## लिएंडर पेस को ...

रामस्वरूप रावतसरे

# क्या लिएंडर पेस का भाजपा में आना ममता के लिए चुनौती बन सकेगा ?



पश्चिम बंगाल की राजनीति में 'बाहरी और भीतरी' का पुराना खेल एक बार फिर शुरू हो गया है लेकिन इस बार दांव उल्टा पड़ता दिख रहा है। जैसे ही महान टेनिस खिलाड़ी और ओलंपिक मेडल विजेता लिएंडर पेस भाजपा में शामिल हुए, टीएमसी ने उन्हें 'बाहरी' (बोहिरगातो) कहना शुरू कर दिया। 30 मार्च 2026 को दिल्ली में भाजपा का दामन थामने वाले पेस का टीएमसी ने सोशल मीडिया पर खूब मजाक उड़ाया।

जानकारों के अनुसार टीएमसी के इस हमले से उसकी खुद की दोहरी सोच की पोल खुल गई है। जिस पेस को आज टीएमसी 'बाहरी' बता रही है, वे न केवल बंगाल की महान विरासत का हिस्सा हैं बल्कि कुछ समय पहले तक टीएमसी के खास 'अपने' भी थे। जब तक वे टीएमसी में थे, तब तक बंगाली और अपने थे और अब भाजपा में जाते ही बाहरी और पराए हो गए।

लिएंडर पेस राजनीति में कोई नए खिलाड़ी नहीं हैं। साल 2021 में खुद ममता बनर्जी ने उन्हें बड़े सम्मान के साथ टीएमसी में शामिल किया था। उस वक्त टीएमसी के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से बड़े-बड़े ट्वीट करके उनका स्वागत किया गया और उन्हें 'बंगाल का गौरव' बताया गया था। यहाँ तक कि गोवा के चुनावों में टीएमसी ने लिएंडर पेस को अपना सबसे बड़ा चेहरा बनाकर उनसे खूब प्रचार भी करवाया। लोग मजे लेते हुए पूछ रहे हैं कि क्या 2021 में लिएंडर पेस 'पक्के बंगाली' थे और 2026 में भाजपा चुनते ही अचानक 'बाहरी' हो गए? यह साफ दिखाता है कि टीएमसी इस वक्त कितनी घबराई हुई है और उनके पास पेस का कोई ठोस जवाब नहीं है।

जानकारों की माने तो टीएमसी का 'बाहरी-बाहरी' का राग तब पूरी तरह फेल हो जाता है, जब हम उनके अपने नेताओं की लिस्ट देखते हैं। सोशल मीडिया पर लोग पुराने और नए ट्वीट्स शेयर करके टीएमसी से कड़े सवाल पूछ रहे हैं। लोग कह रहे हैं कि जो पार्टी गुजरात के यूसुफ पठान, बिहार के शत्रुघ्न सिन्हा, कीर्ति आजाद और साकेत गोखले जैसे नेताओं को बाहर से लाकर बंगाल में चुनाव लड़ाती है, वो लिएंडर पेस को 'बाहरी' कैसे बोल सकती है?

यूसुफ पठान गुजरात के हैं और शत्रुघ्न सिन्हा बिहार के. उनका बंगाल के जन्म या संस्कृति से कोई पुराना रिश्ता नहीं है, फिर भी टीएमसी उन्हें 'अपना' मानती है। यह साफ तौर पर पार्टी का दोहरा चेहरा है. वोट के लिए बाहर के लोग भी 'अपने' हो जाते हैं लेकिन बंगाल की मिट्टी के बेटे ने जैसे ही भाजपा चुनी, उसे 'पराया' बना दिया गया। यह दोगलापन अब जनता को अच्छी तरह समझ आ गया है।

लिएंडर पेस को 'बाहरी' कहना असल में बंगाल की संस्कृति और इतिहास का अपमान है। पेस बंगाल के सबसे महान कवियों में से एक, माइकल मधुसूदन दत्त के परिवार से ताल्लुक रखते हैं। लिएंडर पेस की माँ खुद बंगाल की ही रहने वाली थीं और पेस का जन्म भी कोलकाता में ही हुआ था। अपनी जड़ों पर गर्व करते हुए पेस ने भाजपा मुख्यालय में साफ कहा, "मैं एक शानदार बंगाली विरासत में पैदा हुआ हूँ।"

# तेरापंथ की सुषमा और शोभा का आधार मजबूत नींव हैं

तेरापंथ इमारत की नींव के समान, जो होते हैं, पर दिखाई नहीं देते हैं । वह नींव को इमारत से किसी प्रकार की अपेक्षा नहीं होती, बस चाहती हैं कि उसका सम्मान बना रहे । धर्म वह तत्त्व हैं जो व्यक्ति को दुर्गति से बचा सकता हैं । वह शुभ स्थान में स्थापित कर सकता हैं । धर्म परम मंगल तत्त्व होता हैं । देव भी ऐसे व्यक्ति को नमन करते हैं जिसका मन धर्म में रमा हुआ होता हैं । धर्म ऐसा तत्त्व है जो व्यक्ति को पूजनीय बना देता हैं । आचार्य श्री भिक्षु जन्म त्रिशताब्दी वर्ष और भिक्षु चेतना वर्ष चल रहा हैं और महाचरण की आयोजना प्रवर्द्धमान हैं। तेरापंथ की स्थापना आचार्य श्री भिक्षु की नव्य भव्य दीक्षा ग्रहण करने के साथ हुई , नए सिरे से साधुपन लेने के रूप में हुई । अब प्रश्न हो सकता हैं कि उन्होंने नये सिरे से साधुपन क्यों लिया ? इसका उत्तर यह हैं कि उन्होंने यह माना कि पूर्व अवस्था में शुद्ध साधुपन था ही नहीं , इसलिए नए सिरे से नव्य भव्य दीक्षा स्वीकार करनी पड़ी । तेरापंथ की स्थापना केलवा में हुई

परन्तु इसके साथ ही एक चिन्तन यह भी हैं कि अन्यत्र प्रवासित साधुओं ने भी संभवतः उसी दिन नव्य भव्य दीक्षा ली थी अतः उसको भी तेरापंथ की स्थापना के साथ जोड़ा जा सकता हैं ।

वास्तविक आनन्द चिदानन्द की अनुभूति है । भौतिक वस्तुओं में मन की क्षणिक तृप्ति है । आध्यात्मिक दृष्टि से आनन्द चिदानन्द की अनुभूति है । वह पूर्ण आन्तरिक आनन्द में डूबा हुआ चेतन मन चिदानन्द है । इसीलिए कहा जाता है कि आनन्द चीजों में नहीं है । वास्तविक आनन्द चेतन मन में है । तेरापंथ की नींव या स्थापना के छः पिलर ( स्तम्भ) थे जिनमें एक मुख्य स्वामीजी और अन्य पांच संत थे । स्वामीजी में तो मनोबल था ही परन्तु उन कठिन परिस्थितियों में उन पांच संतों का स्वामीजी के साथ रहना कितना साहसिक कार्य रहा । अतः तेरापंथ की स्थापना में इनका भी योगदान कम नहीं माना जा सकता हैं । व्यक्ति रूप में ये स्तम्भ हैं पर व्यक्ति हमेशा नहीं रहता हैं पर सिद्धान्त, प्रारूप, ढांचा आदि लम्बे काल तक रहता हैं । हम दूसरों की परछाई बनना छोड़ अपनी मौलिक सोच पर चलने लगते हैं। तब शुरू-शुरू में अकेले-अकेले महसूस करते हैं। पर समझिए हम अपनी प्रतिभा तभी पहचानते हैं। मौलिकता आत्मा का हस्ताक्षर है । उसे मिटने मत दीजिए अपितु उजागर कीजिए।

› प्रदीप छाजेड़

# आगरा में ओले गिरे, कासगंज में भाई-बहन की मौत

अलर्ट

## मथुरा में आंधी-बारिश, 35 जिलों में ओले का अलर्ट, 5 दिन बिगड़ा रहेगा मौसम

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी। यूपी में मौसम फिर से बिगड़ गया है। आगरा में देर रात ओले गिरे। मथुरा और संभल में बारिश हुई। कासगंज में आंधी से पेड़ टूटकर गिर गया। बारिश से बचने के लिए नीचे खड़े भाई-बहन की दबकर मौत हो गई। शनिवार सुबह से मेरठ-गाजियाबाद समेत 20 शहरों में बादल छाए हैं। तेज हवाएं चल रही हैं।

मौसम विभाग ने शनिवार यानी आज 35 जिलों में बारिश और ओले गिरने का अलर्ट जारी किया है। 55 जिलों में गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की आशंका है। इस दौरान 50 से 60 किमी की रफ्तार से आंधी चल सकती है।

मौसम विभाग के मुताबिक, पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम में यह बदलाव आया है। 9 अप्रैल तक यानी अगले 5 दिन मौसम ऐसा ही रहेगा। शुक्रवार को मथुरा में बारिश से कोसीकलां अनाज मंडी में 10 हजार बोरियों में रखा 5 हजार क्विंटल गेहूं भीग गया। आगरा में 5 कच्चे घर गिर गए। वहीं, प्रदेश में बिजली गिरने से 48 घंटे में 5 लोगों की मौत हुई है। इनमें वाराणसी में सरकारी टीचर, उनकी पत्नी, चित्रकूट के 2 लोग और ललितपुर का एक व्यक्ति शामिल है।




> लखनऊ मौसम विभाग के वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि दक्षिणी अफगानिस्तान और आसपास के पाकिस्तानी इलाके में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ का असर अब उत्तर प्रदेश में दिखने लगा है। इसके चलते पश्चिमी यूपी में मौसम बिगड़ गया है। तेज हवा के साथ झमाझम बारिश हो रही है। अब इसका असर मध्यांचल और बुंदेलखंड तक पहुंचेगा। कई हिस्सों में तेज झोंकेदार हवाएं चलेंगी।

लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने कहा 3 अप्रैल से सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर से नमी लेकर आ रही पछुवा हवाओं से बेमौसम बारिश का नया दौर शुरू हुआ है। 7 अप्रैल से नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है। इसका पश्चिमी यूपी, मध्यांचल और बुंदेलखंड में ज्यादा असर देखने को मिलेगा। तेज हवाएं चलेंगी। बारिश होगी। ओले गिरेंगे। तापमान में 5°C की गिरावट आएगी।

गाजियाबाद में बादल छाए हुए हैं। न्यूनतम तापमान 17 डिग्री दर्ज किया गया है। आज अधिकतम तापमान 29 डिग्री रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में हल्की बारिश का अनुमान जताया है। मेरठ में देर रात में बारिश हुई। सुबह से आसमान में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, आज अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम तापमान 20 डिग्री रह सकता है। लखनऊ में सुबह से धूप खिली हुई है, हालांकि बादलों की आवाजाही भी बनी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, आज अधिकतम तापमान 34 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री रहने का अनुमान है। कासगंज में आंधी की वजह से पेड़ डाल टूटकर बाइक पर गिरी। हादसे में सगे भाई-बहन की मौत हो गई।

### बिजली गिरने से 5, आंधी में 2 की मौत

चित्रकूट के भरतकूप थाना के पतौड़ा गांव में शुक्रवार सुबह 11 बजे आकाशीय बिजली गिरने से दो लड़कों की मौत हो गई। दो अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों की पहचान विकास (16) पुत्र भूरा प्रसाद और करन (14) पुत्र विष्णु के रूप में हुई। ललितपुर में जरावली गांव में गुरुवार देर रात बारिश के बीच बिजली गिरने से 13 साल के लड़के की मौत हो गई। बच्चा अपने परिजनों के साथ खेत में बने घर में सो रहा था। बिजली की चपेट में आने से तीन बकरियों की भी मौत हो गई।

वाराणसी के सिंधोरा थाना के भदेवली गांव में दंपती की बिजली गिरने से मौत हो गई। मृतक रमेश चंद्र भारती (58) जूनियर हाई स्कूल सिंधोरा में टीचर थे। वह पत्नी चमेला देवी (56) के साथ अपने खेत में गेहूं की फसल का बोझ बांधने गए थे। कासगंज के गंजडुंडवारा इलाके में नवादा गांव के पास आंधी के कारण पेड़ की डाल टूटकर बाइक पर गिरने से भाई-बहन संजू (20) और आरती (22) की मौत हो गई। आरती की 26 अप्रैल को शादी होनी थी।

**प्रयागराज में सुबह से मौसम खराब बना हुआ है। आसमान में बादल छाए हैं। तेज हवाएं चल रही हैं। आज न्यूनतम तापमान 20 डिग्री और अधिकतम तापमान 34 डिग्री रहने का अनुमान है।**



मथुरा की कोसीकला अनाज मंडी में रखा 5 हजार क्विंटल गेहूं तेज बारिश और ओले में भीग गया।

फास्ट न्यूज

### फैशन टीवी हेड समेत 3 गिरफ्तार

गोरखपुर। गोरखपुर समेत पूरे देश में फैशन टीवी की फ्रेंचाइजी दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी का मामला सामने आया था। रामगढ़ताल पुलिस ने शुक्रवार को फैशन टीवी के प्रबंध निदेशक समेत तीन को मुंबई से गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों में खुद को कंपनी का प्रबंध निदेशक बताने वाले काशिफ खान, ऑपरेशन हेड कृष्णा देवी और वित्त नियंत्रक नवीन अहूजा उर्फ नवीन सर अहूजा शामिल हैं।

### छात्रा का मेडिकल पूरा, अब बयान पर टिकी जांच

प्रयागराज। प्रयागराज में न्यूरोसर्जन डॉ. कार्तिकेय शर्मा पर छेड़छाड़ के आरोप के मामले में जांच ने अब रफ्तार पकड़ ली है। एक दिन की देरी के बाद शुक्रवार को छात्रा का मेडिकल परीक्षण पूरा कर लिया गया। इसके साथ ही सिविल लाइंस थाना पुलिस ने डॉक्टर के क्लाइव रोड स्थित आवास पर पहुंचकर वहां लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी कब्जे में ले लिए। मेडिकल परीक्षण पूरा होने के बाद अब पुलिस छात्रा का बयान दर्ज करने की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि सबसे पहले पुलिस स्तर पर उसका बयान दर्ज किया जाएगा, जिसके बाद मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान राया जाएगा।

### डिप्टी सीएम केशव मौर्या ने विकास कार्यों की समीक्षा

प्रयागराज । डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज दौरे के दूसरे और अंतिम दिन सर्किट हाउस में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की और पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। साथ ही उन्होंने आम जनता की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान के निर्देश दिए।

## समाधान दिवस में डीएम का इंतजार बेकार, मायूस लौटे फरियादी



तमसा संकेत, संवाददाता

बहराइच। तहसील पयागपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस इस बार अव्यवस्था और निराशा का कारण बन गया। दूर-दराज से अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे फरियादी सुबह से ही जिलाधिकारी अक्षय कुमार त्रिपाठी के आने का इंतजार करते रहे, लेकिन उनके न पहुंचने से लोगों की उम्मीदें टूट गईं। कई फरियादियों ने कहा कि वे खास तौर पर अपनी शिकायत डीएम के समक्ष रखने आए थे, परंतु इंतजार के बाद उन्हें मायूस होकर अन्य अधिकारियों को ही प्रार्थना-पत्र सौंपना पड़ा।


कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव, मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र व उप जिलाधिकारी पयागपुर सहित अन्य अधिकारियों ने शिकायतें सुनीं और निस्तारण के निर्देश दिए। पयागपुर में कुल 83 प्रार्थना-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से मात्र 7 का मौके पर निस्तारण किया गया। अन्य तहसीलों में भी हाल कुछ अलग नहीं रहा—नानपारा में 58 में 7, मिहींपुरवा में 18 में 2, कैसरगंज में 72 में 8, महसी में 29 में 3 और सदर में 31 में से सिर्फ 2 मामलों का ही तत्काल समाधान हो सका।

# घटना : तेज रफ्तार और स्टंटबाजी पड़ी भारी

## पुल के पास बाइक हादसे में युवक घायल

तमसा संकेत, संवाददाता

पयागपुर, बहराइच। क्षेत्र के बबया पुल के पास तेज रफ्तार और स्टंटबाजी एक बार फिर जानलेवा साबित हो सकता। शनिवार को चार युवक एक ही बाइक पर सवार होकर तेज गति से स्टंट करते हुए जा रहे थे, तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई और दर्दनाक हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि सभी युवक नशे की हालत में थे और बहराइच की ओर जा रहे थे। हादसे में महेंद्र चौहान (20) पुत्र अशोक चौहान, निवासी धनघटा थाना विशेश्वरगंज गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं सूरज चौहान (17) पुत्र विजय चौहान, निवासी अनन्तपुरवा थाना खरगूपुर (गोंडा), राजन चौहान (18) पुत्र रामसागर तथा सनी चौहान (18) पुत्र बड़के को भी चोटें आईं। सभी युवक यूपी 40 बीजे 7450 नंबर की बजाज पल्सर बाइक से सफर कर रहे थे।



घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस को बुलाया गया। एंबुलेंस की मदद से घायल महेंद्र चौहान को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पयागपुर भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार तेज रफ्तार, नशे में वाहन चलाना और स्टंटबाजी इस हादसे के प्रमुख कारण हैं। क्षेत्रवासियों ने युवाओं से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और इस तरह की लापरवाही से बचें, क्योंकि एक छोटी सी गलती जानलेवा साबित हो सकती है।

## ओटी टेक्नीशियन ने निकाली थी एमबीए स्टूडेंट की किडनी

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर में MBA स्टूडेंट आयुष की किडनी किसी डॉक्टर ने नहीं, बल्कि एक ओटी टेक्नीशियन ने निकाली थी। उसी ने पारुल तोमर को किडनी ट्रांसप्लांट भी किया था। डीसीपी एसएम कासिम आबिदी ने यह जानकारी दैनिक भास्कर को दी।

उन्होंने बताया- आरोपी ओटी टेक्नीशियन मुदस्सर अली सिद्दीकी दिल्ली के उत्तम नगर का रहने वाला है। उसके घर पर दबिश दी गई, लेकिन वह फरार मिला। जिस मेडिलाइफ हॉस्पिटल में वह काम करता था, उसके तीनों मालिक भी फरार हैं। पुलिस के मुताबिक, इस कांड में मेरठ के तीन डॉक्टरों के नाम भी सामने आए हैं। ये सभी किडनी ट्रांसप्लांट से जुड़े डोनर और मरीजों का इंतजाम करते थे। अब तक कानपुर के इस चर्चित किडनी कांड में 8 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।





**कानपुर में ट्रांसप्लांट किया मेरठ के 3 डॉक्टरों के भी नाम सामने आए**

किडनी स्कैंडल केस की जांच डीसीपी वेस्ट एसएम कासिम आबिदी लीड कर रहे हैं। डीसीपी ने को बताया- ऑपरेशन में शामिल दो ओटी टेक्नीशियन कुलदीप सिंह राघव और राजेश कुमार को शुक्रवार को जेल भेजा गया।

दोनों ने पुलिस पूछताछ में दिल्ली के रहने वाले मुदस्सर अली सिद्दीकी का नाम सामने रखा। उन्होंने बताया कि अली ने आयुष की किडनी निकाली और फिर पारुल तोमर का ट्रांसप्लांट किया। इसके बाद कानपुर पुलिस ने उसके दिल्ली स्थित घर पर छापा मारा।

# पॉक्सो एक्ट के आरोपी के खिलाफ की कड़ी कार्रवाई





तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। थाना मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में दर्ज एक गंभीर आपराधिक मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी के खिलाफ न्यायालय के आदेश पर कड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपी के घर पर धारा 82 सीआरपीसी के तहत उद्घोषणा (मुनादी) कराई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मुकदमा अपराध संख्या 414/24 में धारा 115, 352, 351(3) बीएनएस एवं 5 एम/6, 10 पॉक्सो एक्ट के तहत नामजद अभियुक्त गोलू पुत्र ओम प्रकाश चौहान निवासी मोलहे सिंह का पुरवा, बैरानामऊ मंझारी, थाना मोहम्मदपुर खाला, जनपद बाराबंकी के विरुद्ध कार्रवाई की गई। बताया जा रहा है कि आरोपी काफी समय से फरार चल रहा है और न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहा था। इस पर न्यायालय द्वारा धारा 82 सीआरपीसी के अंतर्गत उद्घोषणा जारी की गई, जिसके अनुपालन में सूरतगंज पुलिस चौकी प्रभारी उमेश कुमार वर्मा पुलिस टीम के साथ गांव में पहुंचकर आरोपी के घर के बाहर नोटिस चस्पा कराई।मुनादी के दौरान ग्रामीणों को अवगत कराया गया कि अभियुक्त निर्धारित समय के भीतर न्यायालय में उपस्थित हो जाए। यदि वह तय समय सीमा में हाजिर नहीं होता है, तो उसके विरुद्ध आगे की कठोर वैधानिक कार्रवाई, जैसे कुर्की (धारा 83 सीआरपीसी) की प्रक्रिया भी अपनाई जा सकती है।

## रील बनाते समय गोली चली, 12वीं के स्टूडेंट की मौत

### खुद तमंचे में बुलेट लोड कर रहा था

लखीमपुर-खीरी । लखीमपुर में तमंचा लेकर REEL बनवा रहे 12वीं के छात्र से अचानक गोली चल गई। गोली छात्र के पेट में लगी। वह चिल्लाते हुए गिर गया।

उसने दोनों हाथों से घाव को दबाकर खून रोकने की कोशिश की। हालत बिगड़ते देख साथियों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। लेकिन छात्र की मौत हो गई।

घटना 30 मार्च की है। शुक्रवार को वीडियो सामने आया। जिसमें वह तमंचे में गोली लोड करते और अचानक गोली चलने के बाद गिरते हुए देखा जा सकता है। परिजनों ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की। आरोप लगाया कि उनके बेटे की अपहरण के बाद हत्या की गई है। पुलिस ने दो नामजद समेत कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया। दो युवकों को हिरासत में लिया है। मामला सदर कोतवाली क्षेत्र का है।

सुआगाड़ा गांव में अनिल कुमार झा परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया, बेटा अंश कुमार झा (17 साल) 30 मार्च की शाम 8 बजे दोस्तों के साथ घर से निकला था। देर रात अंश ने फोन किया। बेटे ने बताया कि वह अपने एक दोस्त की मां का इलाज कराने के लिए लखनऊ गया है। अगले दिन सुबह उसने फिर फोन कर बताया कि वह लखनऊ से वापस आ रहा है। 31 मार्च की दोपहर करीब ढाई बजे अंश ने फिर फोन किया और बताया कि उसकी तबीयत खराब है। उसे जनशक्ति अस्पताल, गोला रोड लखीमपुर में भर्ती कराया गया है।

## उत्तर प्रदेश ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट, होमस्टे नीति 2025 के अंतर्गत आवेदन हेतु आमंत्रण

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी । उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन को प्रोत्साहन प्रदान करने तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश ब्रेड एंड ब्रेकफास्ट (B&B) / होमस्टे नीति 2025 लागू की गई है। यह नीति प्रदेश के नागरिकों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसके माध्यम से वे अपने आवासीय परिसरों को पर्यटकों के लिए होमस्टे के रूप में विकसित कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते हैं। इस योजना के अंतर्गत इच्छुक व्यक्ति अपने घर के अतिरिक्त कमरों को पर्यटकों के ठहरने हेतु पंजीकृत कर सकते हैं। इससे न केवल आय का एक स्थायी स्रोत विकसित होगा, बल्कि प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक खान-पान, लोक कला एवं अतिथि सत्कार की परंपरा को भी व्यापक पहचान मिलेगी। आज के समय में पर्यटक केवल दर्शनीय स्थलों का भ्रमण ही नहीं, बल्कि स्थानीय जीवनशैली का अनुभव भी करना चाहते हैं। होमस्टे इस दिशा में एक सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है, जहां अतिथि स्थानीय परिवेश में रहकर वास्तविक भारतीय संस्कृति से जुड़ते हैं।

**नीति के प्रमुख लाभः**

सरल एवं ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया के साथ सरकारी मान्यता प्राप्त होमस्टे संचालन का अवसर

उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न माध्यमों से निःशुल्क प्रचार एवं प्रसार

चयनित होमस्टे स्वामियों को पर्यटन विभाग द्वारा होमस्टे संचालन हेतु निःशुल्क 5 दिवसीय प्रशिक्षण

स्थानीय युवाओं एवं महिलाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर

स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प एवं व्यंजनों को बढ़ावा।

### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड अम्बेडकरनगर।

पत्रांक 1771/ग्रा०अ०वि०/निविदा पत्राली / अनु० सहायक / 2025-26/ दिनांक 30.03.2026

पता-विकास भवन, निकट कलक्ट्रेट अम्बेडकरनगर

**अल्प कालीन ई- प्रोक्योरमेण्ट नोटिस कॉल निविदा**

महामहिम श्री राज्यपाल, उ०प्र० की ओर से अधिशाररी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्स विभाग, प्रखण्ड अम्बेडकरनगर विधान मण्डल स्थानीय क्षेत्र विकास निधि सासद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि निधियो-जनान्तर्गत निर्माण कार्यों की ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग २० ने एबीसी एवं की श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेबरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। विळ साक्यूमेण्ट के साथ सलग्न बिल आफ क्याटिंटी के अंकित दरों में जी०एस०टी० के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जीजीटी० का भुगतना सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार पृथक से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1 कार्य से संबंधित विवरण निम्नवत है

| क्र०सं० | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू० में) | बिड सिक्युरिटी (इ०एम०डी०) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य या निविदा फीस जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू०में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अम्बेडकर नगर | ग्राम पंचायत महरूवा मे जैतपुर बेला पिच मार्ग राम प्रकाश टेण्ट होते हुए रामलोचन दूबे के जमीन तक पिच रोड कार्य,कटेहरी। | 8.72 | 0.18 | 500.00+225.00+42.00=767.00 | 3 माह |
| 2 | अम्बेडकर नगर | संग्रामपुर मे प्रधान के घर से सी०सी० रोड से दलित बस्ती भवन के घर तक सी०सी० रोड कार्य,कटेहरी। | 21.16 | 0.43 | 2000.00+300.00+54.00=2354.00 | 3 माह |
| 3 | अम्बेडकर नगर | जिलाधिकारी महोदय के कार्यालय मे स्टेनो कक्ष, आगन्तुक कक्ष, शौचालय आदि की मरम्मत सुदृढ़ीकरण के साथ वालपैनलिंग, कार्यालय फर्नीचर की स्थापना एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य,अकबरपुर। | 21.17 | 0.43 | 2000.00+300.00+54.00=2354.00 | 3 माह |

2 वेवसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः 07.04.2026 से 21.04.2026 तक

3 विड् डाक्यूमेण्ट डाउनलोडिंग प्रारम्भ करने की तिथि एवं समयः 07.04.2026 को प्रातः 11.00 बजे से।

4 ई-निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारम्भ की तिथि एवं समयः 07.04.2026 को प्रातः 11.00 बजे से।

5. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि एवं समयः 21.04.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे तक।

6 ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः 21.04.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे।

7. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ-पत्र मान्य नहीं होगा।

8 निविदा आनलाइन वैब साइट http//etnder.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।

9 निविदा आमंत्रण कर्ता को आई०टी०बी० के क्लाज 09 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि-पत्र जारी करने का अधिकार है। जो किसी भी समाचार पत्र मे प्रकाशित नही किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदा दाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें। अधिक जानकारी हेतु कृपया वैब साइट http//etnder.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा विड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें। सभी सम्भावित निविदा-दाताओं को सलाह दी जाती है कि विड् सम्मिट करने से पूर्व विड् डाक्यूमेण्ट को भली-भाँति पढ़ लें।

UP. 249196 Dt. 03/04/2026
www.up.gov.nic.in

**अधिशासी अभियन्ता**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड अम्बेडकरनगर ।**
**श्री राज्यपाल, उ०प्र० की अम्बेडकरनगर**

वारदात : गले में चोट के निशान, 18 घंटे फोन न उठाने पर पत्नी ने परिचित को घर भेजा था

# चकेरी में राजमिस्त्री की गला घोटकर हत्या

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर। कानपुर में चकेरी के पीएसी मोड़ पर किराए का कमरा लेकर अकेले रह रहे राजमिस्त्री की गला घोटकर हत्या कर दी गई। पत्नी और बच्चे फोन मिलाते रहे, लेकिन कॉल नहीं उठी। 18 घंटे से संपर्क न होने पर पत्नी ने एक परिचित युवक को फोन कर पति से बात कराने की बात कही, जब वह घर पहुंचा राजमिस्त्री का शव बेड पर औंधे मुंह पड़ा था। अगले दिन गुरुवार काम से फ्री होकर उन्होंने सुबह करीब 10 बजे फोन किया तो नहीं उठा, सोचा सो रहे होंगे। एक घंटे बाद फिर कॉल किया, लेकिन फिर बात नहीं हो पाई। इसके बाद कई बार कॉल किया, मगर फोन नहीं उठा। इस पर चिंता होने लगी। दोपहर बाद आशीष के कमरे के पास ही रहने वाले परिचित युवक दुर्गेश को फोन कर पूरी जानकारी दी और कहा कि जाकर आशीष से बात कराओ। जब वह कमरे पर गया तो दरवाजा पर बाहर से कुंडी लगी थी। इस पर खिड़की से झांककर देखा तो बिस्तर पर आशीष का शव पड़ा था। दुर्गेश से मौत की खबर पाकर वह लोग कानपुर के लिए निकले। पुलिस को भी घटना की जानकारी दी। आरती के अनुसार उनके पति के गले पर दबाने के निशान थे। मकान मालिक से लेनदेन होने के कारण परिजनों ने उस पर हत्या का आरोप लगाया। थाना प्रभारी अजय प्रकाश मिश्रा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आरोपियों पर कार्रवाई की जा रही है। आरती के अनुसार आशीष एक साल से पीएसी मोड़ पर रहा था। पति ने बताया था कि मकान मालिक के यहां चबूतरा बना रहे हैं। कुछ पुराना लेनदेन है, काम खत्म होने पर पूरे पैसे लूंगा। पति सुबह-शाम तक एक बार मकान मालिक के पास जरूर बैठते थे। ऐसे में संदेह का यह भी कारण है कि कमरे में बिस्तर पर शव पड़ा रहा और मकान मालिक को पता तक नहीं चला।



### मूलरूप से हमीरपुर का रहने वाला था युवक

मूलरूप से हमीरपुर के कालपी चौराहा निवासी 30 वर्षीय आशीष शर्मा राजमिस्त्री थे। वर्तमान में वह अकेले चकेरी के पीएसी मोड़ मंदिर के पास किराए पर रहता था। जबकि उनकी पत्नी आरती, दो बेटे लवकुश, छोटू व बेटी बेटू गांव में रहते है। पत्नी आरती के अनुसार बुधवार शाम उसकी फोन पर पति से बातचीत हुई थी। जब उसने पति को शराब न पीने के लिए समझाया तो वह नाराज हो गए थे। इस पर कहासुनी के बाद फोन काट दिया था।



मृतक आशीष शर्मा (फाइल फोटो)

**सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर शव पोस्टमार्टम भिजवाया, जहां रिपोर्ट में हत्या का खुलासा हुआ। हालांकि, गर्दन में चोट के निशान व शरीर की हालत देख परिजनों ने पहले ही गला घोंटकर हत्या करने की आशंका जाहिर की थी।**

# शराब पीने से कारोबारी समेत तीन की मौत

## आक्रोश

## परिजनों का अस्पताल में हंगामा, सरकारी ठेके से खरीदी थी

तमसा संकेत, एजेंसी

मेरठ । मेरठ में शुक्रवार देर शाम शराब पीने के बाद किराना कारोबारी समेत तीन की मौत हो गई। तीनों ने एक सरकारी ठेके से देशी शराब खरीदी थी। वहीं पर तीनों साथ में पी रहे थे। तभी उन्हें उल्टी और पेट में दर्द होने लगा।

आनन फानन में तीनों को एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान बारी-बारी से तीनों ने दम तोड़ दिया। घटना दौराला थाना क्षेत्र की है।

एक साथ तीन मौतों से लोग आक्रोशित हो गए। परिजनों ने अस्पताल में हंगामा किया। सूचना मिलते ही डीएम डा. वीके सिंह, एसएसपी अविनाश पांडेय और जिला आबकारी अधिकारी प्रदीप कुमार अपनी टीम के साथ हॉस्पिटल पहुंचे। फिर शराब की दुकान पर गए। सेल्समैन समेत दो को हिरासत में लिया गया है। शराब जब्त, सेल्समैन हिरासत मेंसूचना मिलते ही डीएम-एसएसपी मौके पर पहुंचे। आबकारी की टीम ने तत्काल उस दुकान पर छापा मारा, जहां से शराब खरीदी गई थी। मौके से खाली टेटरा पैक कब्जे में लिए गए हैं। दुकान से भी पेटियां पुलिस ने जब्त की हैं। दुकान के सेल्समैन समेत दो लोगों को हिरासत में लिया गया है।



**आर्यावर्त अस्पताल के ईएमओ डॉ. प्रफुल्ल चौहान ने बताया,शुरुआती लक्षणों के मुताबिक तीनों की मौत किसी जहरीले पदार्थ के सेवन से हुई है। हालांकि, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण स्पष्ट होगा।**

जितेंद्र के पिता राजपाल ने शराब विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया, उनका बेटा कई सालों से किराना व्यापारी बाबूराम की दुकान पर काम करता था। वहीं, बाबूराम के बेटे सचिन ने बताया- मेरे पिता अक्सर दुकान में काम करने वाले मजदूर जितेंद्र और दौलत के साथ शराब पीते थे। सचिन ने थाने में शराब विक्रेता के खिलाफ शिकायत करते हुए सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। थाना प्रभारी सुमन कुमार सिंह ने बताया, शराब ठेके का मालिक जगपाल है। तीन लोगों की मौत की सूचना मिलने के बाद देर रात एडीजी मेरठ जोन भानु भास्कर भी दौराला पहुंच गए। उन्होंने बाबूराम की रिया स्पेलर व आटा चक्की का निरीक्षण किया। एडीजी ने इस दौरान शराब के वह टेटरा पैक भी देखे, जिनके पीने के बाद तीनों लोगों की तबियत खराब हुई और बाद में उन्होंने दम तोड़ दिया।

### शराब पीने के बाद उल्टी-पेट में दर्द, फिर बेहोश हुए सभी

सरस्वती कॉलोनी में रहने वाले बाबूराम (60 साल) किराना व्यापारी थे। उनका तेल का भी बिजनेस है। बाबूराम की दुकान में जितेंद्र (45 साल) और अंकित उर्फ दौलत (32 साल) काम करते थे। जितेंद्र वार्ड संख्या 12 के दयानंदपुरी का रहने वाला था। जबकि, अंकित उर्फ दौलत सरस्वती कॉलोनी में रहता था।

शुक्रवार शाम करीब साढ़े सात बजे बाबूराम ने जितेंद्र और अंकित के कस्बे के देशी शराब ठेके के पास शराब पी रहे थे। इसी दौरान उनकी हालत बिगड़ने लगी। तीनों को बदहवास देख वहां मौजूद लोग सकते में आ गए। लोगों ने एक-दूसरे की मदद से उन्हें पास के आर्यावर्त अस्पताल पहुंचाया, जहां जितेंद्र और अंकित को मृत घोषित किया गया।

बाबूराम की हालत गंभीर थी। उन्हें वेंटिलेटर पर रखा गया। लेकिन थोड़ी देर बाद उनकी भी मौत हो गई।



शराब से तीन मौत की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची। परिजनों ने हंगामा किया।

## गैंगरेप की कोशिश में यूनिवर्सिटी कमेटी की जांच तेज

### छात्रा के बयान की हुई वीडियो रिकॉर्डिंग

तमसा संकेत, एजेंसी





कानपुर । छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजे-एमयू) में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले की जांच अब नए मोड़ पर आ गई है। विश्वविद्यालय की आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) ने पीड़ित छात्रा के बयान की वीडियो रिकॉर्डिंग कराई है। लेकिन, पहले दिन और बाद में दर्ज किए गए बयानों में अंतर मिला है। जांच समिति ने घटना वाले दिन के सीसीटीवी फुटेज की बारीकी से जांच की। फुटेज में साफ देखा गया कि जिस समय और स्थान पर दुष्कर्म की घटना होना बताई गई, उस समय तीनों आरोपित छात्र वहां मौजूद नहीं थे।

विश्वविद्यालय सूत्रों ने बताया कि एक आरोपित छात्र तो उस समय विश्वविद्यालय परिसर से बाहर था, जबकि अन्य दो आरोपित घटना स्थल और छात्रा द्वारा बताए गए कक्ष में नहीं पाए गए। बाहर रहे आरोपित छात्र ने जांच समिति को अपने बाहर होने का वीडियो सबूत भी पेश किया है। मामले में एक और चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। छात्रा ने अपने बयान में कहा कि उसके पिता ने उसके और उसकी मां की मारपीट की थी। वहीं पीड़िता के पिता ने जांच समिति के सामने जमकर हंगामा किया। वह इस बात पर अड़ा था कि बेटी के बयान दर्ज कराने के समय वह खुद वहां मौजूद रहे। जांच समिति ने पिता के इस रवैये पर फटकार लगाते हुए उन्हें कमरे से बाहर निकाल दिया।

## फास्ट न्यूज

### बेटी के तलाक पर रिटायर्ड जज पिता ने ढोल-नगाड़े बजवाए

मेरठ । मेरठ में शनिवार को तलाक का एक अनोखा मामला सामने आया। यहां एक परिवार ने तलाक के बाद बेटी का फूल मालाओं से स्वागत किया। ढोल की थाप पर लोग कोर्ट से घर तक नाचते-गाते नजर आए। मिठाइयां बांटी गईं।

रिटायर्ड जज पिता ने फूल-माला पहनाकर घर में बेटी का स्वागत किया। इस मौके पर परिवार के सभी सदस्य ब्लैक कलर की टी-शर्ट पहने दिखे।

### ट्रांसपोर्ट संचालक की संदिग्ध हालात में मौत

आगरा । भोगीपुरा स्थित प्रकाश नगर में ट्रांसपोर्ट संचालक की संदिग्ध हालात में सड़क पर डेड बॉडी मिली है। इससे क्षेत्र में हड़कप मच गया। बॉडी को देख लोगों की भीड़ जुट गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने थाना शाहगंज को सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टर्माटम भेज दिया।

शव की पहचान मेवाती गली निवासी अजगर अली (55) के रूप में हुई है। मृतक अजहर का कुछ महीनो से GST अधिकारी से विवाद चल रहा था। अजहर ने GST अधिकारी पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। वहीं दूसरी तरफ अधिकार ने जुर्माना न देने के आरोप लगाए थे।

### यूपी बोर्ड कक्षा 9-12 के छात्रों का जागरुकता शिविर

आगरा ।यूपी बोर्ड के छात्रों और उनके अभिभावकों को एनसीईआ-रटी पुस्तकों के सही और निर्धारित रेट की जानकारी देने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग ने नई पहल शुरू की है। निजी स्तर पर किताबों की कीमतों को लेकर भ्रम की स्थिति को खत्म करने और अभिभावकों को जागरूक बनाने के लिए शनिवार को शाहगंज स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में प्रदेश का पहला जागरूकता एवं विक्रय शिविर आयोजित किया गया।

## अयोध्या में कोठी बनवाने के लिए चुराए 80-लाख के जेवर

### आईफोन-ब्रांडेड कपड़े खरीदे, बच्चों ने खोला चोरी का राज

तमसा संकेत, एजेंसी

अयोध्या । पंजाब के लुधियाना में एक लोहा कारोबारी की कोठी से नौकर ने 80 लाख के गहने चोरी कर लिए। चोरी का खुलासा नौकर के ही बच्चों ने किया। परिवार ने जांच शुरू की तो सामने आया कि नौकर यूपी के अयोध्या में कोठी बनवा रहा था। साथ ही उसने चोरी के जेवर बेचकर आईफोन और ब्रांडेड कपड़े भी खरीदे।

यह घटना शहर की सुलेख राम नाम से फेमस कोठी में हुई। 9 मार्च को परिवार ने पुलिस को शिकायत दी थी। जांच पड़ताल के बाद 31 मार्च को FIR दर्ज की गई।

इसके बाद 1 अप्रैल को पुलिस ने नौकर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। शुक्रवार (3 अप्रैल) को इसका एक वीडियो सामने आया, जिसमें परिवार नौकर के बच्चे से गहनों के बारे में पूछ रहा है।

महिला की देखभाल के लिए रखा था: लुधियाना के खन्ना में लोहा कारोबारी प्रवीण कंवर की कोठी है। कोरोना काल के दौरान परिवार की 65 साल की बुजुर्ग महिला सुवेला कंवर की तबीयत खराब हो गई थी। सुवेला की देखभाल के लिए अयोध्या के रहने वाले ननकू उर्फ पप्पू चौधरी को काम पर रखा लिया था। कोठी के हर कोने से परिचित था ननकू: ननकू अपनी पत्नी सपना और बच्चों के साथ कोठी में ही एक कमरे में रहता था। धीरे-धीरे उसने परिवार का विश्वास जीत लिया। वह कोठी के हर कोने और अलमारियों से परिचित हो गया।



## आरोपी के कब्जे से छिनैती के 3 कुण्डल भी बरामद किए हैं

# लूट के आभूषण खरीदने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा । थाना फरह पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लूट/छिनैती के आभूषण खरीदने वाले एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से छिनैती के 3 कुण्डल भी बरामद किए हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त कप्तान सिंह पुत्र साहब सिंह निवासी अरहैरा, थाना जैत, जनपद मथुरा है। उसे 03 अप्रैल 2026 की रात करीब 11:30 बजे फतिहा रेलवे पुल के पास, आगरा-मथुरा एनएच-19 से गिरफ्तार किया गया।

थाना फरह क्षेत्र में फरवरी 2026 के दौरान अलग-अलग स्थानों — कुरकंदा मोड़, हिंदुस्तान कॉलेज के पास और "मां की रसोई" के पास — बाइक सवार बदमाशों द्वारा महिलाओं से कुण्डल छीनने की घटनाएं सामने आई थीं। इन घटनाओं के संबंध में थाना फरह पर कई मुकदमे दर्ज किए गए थे। जांच के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी रामजीत समेत उसके साथियों को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पूछताछ में खुलासा हुआ कि छीने गए कुण्डल कप्तान सिंह को कम कीमत पर बेचे जाते थे।





**पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3 कुण्डल बरामद किए हैं। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने ये आभूषण मुख्य आरोपी रामजीत से खरीदे थे।**

### आपराधिक इतिहास

कप्तान सिंह के खिलाफ पहले भी मारपीट, जबरन वसूली और अन्य धाराओं में कई मुकदमे दर्ज हैं। हालिया मामलों में भी उसका नाम सामने आया है।

इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक छोटेलाल, उपनिरीक्षक अजय सिंह मलिक, तेजेन्द्र सिंह, अभिलाख सिंह सहित थाना फरह पुलिस टीम के अन्य कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। फिलहाल पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है और मामले की आगे जांच जारी है।

### कोडीन कांड में 25 हजार का इनामी सीए शिवम अरेस्ट

कानपुर। कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी करने वाले गिरोह के सरगना फीलखाना निवासी विनोद अग्रवाल के 25 हजार रुपये के इनामी सीए बेटे शिवम अग्रवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस कमिश्नर रघुबीर लाल ने खुलासा करते हुए बताया कि अब तक दर्ज आठ मुकदमों में 11 आरोपी वांटेड थे, जिनमें यह छठी गिरफ्तारी है। गिरोह उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, दिल्ली, झारखंड, पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश तक कोडीन युक्त कफ सिरप की सप्लाई करता था।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि आरोपी शिवम पिछले पांच महीने से फरार चल रहा था और उसके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया था। उसकी लोकेशन दिल्ली, गुरुग्राम, राजस्थान और प्रयागराज में मिल रही थी। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने दो दिन पहले अपना आईफोन सड़क पर फेंक दिया था।

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी तेज बैंक वसूली मामलों के निस्तारण पर जोर

### बैठक

तमसा संकेत, संवाददाता

बहराइच। आगामी 09 मई 2026 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में सिविल कोर्ट बहराइच के सभागार में विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) एवं नोडल अधिकारी लोक अदालत अरविंद कुमार गौतम की अध्यक्षता में बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री प्रिया कुमारी राय भी उपस्थित रहीं।

बैठक के दौरान नोडल अधिकारी श्री गौतम ने बैंक प्रबंधकों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक बैंक वसूली मामलों को चिन्हित कर उन्हें आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारित कराया जाए। उन्होंने कहा कि इस बार पिछले लोक अदालत की तुलना में अधिक मामलों का समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए, ताकि आमजन को त्वरित न्याय मिल सके।

उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक बैंक वसूली मामले में कम से कम दो बार नोटिस जारी किए जाएं, जिससे संबंधित पक्षों की उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। साथ ही, सचिव सुश्री राय को निर्देशित किया गया कि नोटिसों की शत-प्रतिशत तामील सुनिश्चित कराई जाए।

बैठक में उपस्थित बैंक प्रबंधकों ने भी लोक अदालत की सफलता के लिए अपने सुझाव साझा किए। अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि समन्वित प्रयासों से इस बार लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों का निस्तारण कर आम जनता को राहत प्रदान की जाएगी।



### प्रेमी से कराई पति की हत्या, कागज से खुला राज

आगरा। आगरा में 3 दिन पहले मिले अधजले शव के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है। अफेयर का विरोध करने पर पत्नी ने प्रेमी से पति की हत्या कराई थी। प्रेमी के एक दोस्त ने भी उसका साथ दिया था। प्रेमी ने खेत में ले जाकर उसे शराब पिलाई, गला दबाकर उसे मार दिया। फिर पेट्रोल डालकर शव को जला दिया। शव पूरा नहीं जला, तो आरोपी लाश को वहीं छोड़कर भाग गए। घटनास्थल पर मिले चखना के कागज से पुलिस आरोपियों तक पहुंची। घटना थाना सैंया क्षेत्र के ग्वालियर हाइवे स्थित संकल्प मैरिज होम के पीछे की है। पुलिस ने शनिवार को मामले का खुलासा किया है।

आगरा के थाना सैंया क्षेत्र में ग्वालियर हाइवे स्थित संकल्प मैरिज होम के पीछे बजरंग धाम कॉलोनी के खेत में बुधवार शाम को अधजला शव मिला। हत्या के बाद शव को जलाया गया था। मृतक के हाथ पर लोकेंद्र और सोमवती लिखा था।

# शादी समारोह में फायरिंग करने वाला हुआ फरार

## पूर्व पार्षद तिलक वीर अन्य साथियों सहित नोएडा से गिरफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा । कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए मुखबिर की सूचना पर करीब तीन सप्ताह से फरार चल रहे पूर्व पार्षद चौधरी तिलक वीर ,रवी, गिरीश, राजू उर्फ राजीव और सौदान सिंह को ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क के पास स्थित होटल डोलिंग रिसोर्ट से पुलिस ने दबोच लिया। सभी आरोपी कृष्ण विहार कॉलोनी, थाना कोतवाली मथुरा के निवासी हैं।

मिली जानकारी के अनुसार, 12 मार्च को सियाराम वाटिका में आयोजित एक विवाह समारोह के दौरान तिलक वीर और उनके साथियों का बारातियों से विवाद हो गया था। आरोप है कि विवाद के दौरान अंधाधुंध फायरिंग की गई, जिसमें एक महिला घायल हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस के साथ भी आरोपियों ने अभद्रता करते हुए धक्का-मुक्की की और पुलिस द्वारा जब्त की गई पिस्टल छीनकर मौके से फरार हो गए थे। फरारी के दौरान प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए जिलाधिकारी द्वारा तिलक वीर के दोनों शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिए थे। सर्विलांस की मदद से एसओजी को गुरुवार को आरोपियों के नोएडा में होने की सटीक सूचना मिली, जिसके बाद घेराबंदी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल सहायक पुलिस अधीक्षक (आईपी-एस) आसना चौधरी के नेतृत्व में सभी आरोपियों से गहन पूछताछ की जा रही है।इस सफल कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा, उपनिरीक्षक रविंद्र बाबू, पवन चौहान, एसओजी प्रभारी संदीप सहित स्वाट व एसओजी टीम के कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।



## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'रोजगार मांगने वाले ...

इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने बच्चों को नवीन शैक्षणिक सत्र की पाठ्य-पुस्तकों तथा निपुण विद्यालयों एवं विद्यार्थियां को प्रमाण पत्र का वितरण किया। उन्होंने शैक्षिक नवाचार एवं उपलब्धियों पर आधारित पुस्तिका का विमोचन किया तथा छात्र-छात्राओं को मिड-डे-मील योजना का भोजन परोसा। इसके पूर्व, मुख्यमंत्री जी ने श्री काल भैरव मन्दिर एवं श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर में दर्शन-पूजन किया।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि 15 अप्रैल तक चलने वाले 'स्कूल चलो अभियान' के साथ प्रत्येक शिक्षक को जुड़ना चाहिए। इस सम्बन्ध में प्रधानाचार्य अभिभावकों के साथ बैठकें करें। विद्यालय प्रारम्भ होने से एक घण्टा पूर्व गांवों और मोहल्लों में निकलें, हर घर का दरवाजा खटखटाएं और पूछें कि कोई बच्चा स्कूल से वंचित तो नहीं है। अभिभावकों को बताएं कि सरकार सब कुछ निःशुल्क उपलब्ध करा रही है, आप अपने बच्चे का पंजीकरण कराइए। विगत 09 वर्षों में लगभग 60 लाख नए बच्चों को बेसिक शिक्षा के स्कूलों से जोड़ा गया है। इस बार लक्ष्य है कि 03 से 06 वर्ष तक की आयु का प्रत्येक बच्चा आंगनबाड़ी (बाल वाटिका) में जाए और 06 वर्ष से ऊपर का प्रत्येक बच्चा प्राइमरी स्कूल में नामांकित हो।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश के बेसिक और माध्यमिक शिक्षा विभाग से जुड़े सभी शिक्षकों ने अपने कठिन परिश्रम से 'ऑपरेशन कायाकल्प' को सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। 'स्कूल चलो अभियान' के माध्यम से हर बच्चे को स्कूल तक पहुंचाने के लिए अपने स्तर पर प्रयास किया। इसका परिणाम हमारे सामने है।

### निःशुल्क उपलब्ध...

जुलाई में जब स्कूल खुलें, तो उससे पांच दिन पहले विद्यालयों की साफ-सफाई करें, खरपतवार हटाएं और पेयजल व टॉयलेट की व्यवस्था दुरुस्त करें। 01 से 15 जुलाई के बीच 'स्कूल चलो अभियान' का दूसरा चरण चलाएं ताकि एक भी बच्चा छूटने न पाए।

### कमलनाथ, आनंद ...

उन्होंने आगे लिखा कि यह नेशनल डायलॉग जारी रहना चाहिए। राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रीय हित को ध्यान में रखकर एक मैच्योर रिस्पॉन्स आज की जरूरत है। इस पोस्ट को भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने भी शेयर किया था। LPG की कमी की कई रिपोर्टों के सामने आने पर कमलनाथ ने गुरुवार को एमपी के छिंदवाड़ा में कहा, ऐसी कोई कमी नहीं है। यह बस एक माहौल बनाया जा रहा है कि कमी है। कमलनाथ ने कुछ लोगों पर राजनीतिक फायदे के लिए जानबूझकर पैनिक पैदा करने का आरोप लगाया।

### हरियाणा कांग्रेस के...

शुक्रवार को चंडीगढ़ में हुई DAC की मीटिंग में इस बात पर गंभीरता से चर्चा हुई थी कि पांचों विधायकों को ऐसी सजा दी जाए कि उन्हें फ्यूचर में सदन के अंदर व्यवहार करने की किसी तरह की खुली छूट न मिल पाए। कोशिश यही रखी जाए कि ये विधायक न इधर के रहें और न उधर के। और अंततः खुद ही पार्टी छोड़ने को मजबूर हो जाएं। सुबह 10 बजे दो विधायकों ने वॉट्सएप पर मांगा मौकाः नारायणगढ़ विधायक शैली चौधरी और साढौरा विधायक रेनू बाला की ओर से अनुशासन समिति के चेयरमैन धर्मपाल मलिक को वॉट्सएप पर टाइप्ड लेटर भेजा गया। जिसमें कोई भी फैसला लेने से पहले व्यक्तिगत पेशी (पर्सनल हियरिंग) का मौका मांगा। जिसे स्वीकार कर लिया गया।

### ट्रम्प ने दिया ...

उन्होंने कहा है कि ईरान अगर ऐसा नहीं करता है तो उसके ऊर्जा ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा।

ईरान जंग के एक महीने बाद ट्रम्प ने 2 अप्रैल को अमेरिकी जनता को संबोधित किया। 19 मिनट के भाषण में उन्होंने दावा किया कि अमेरिका ने ईरान की हवाई सेना को तबाह कर दिया है और उनके पास जवाब देने की क्षमता नहीं बची है।

ट्रम्प ने यह भी कहा कि अमेरिका का ईरान के आसमान पर कब्जा हो चुका है। उनके विमान तेहरान के ऊपर उड़ रहे हैं और ईरान कुछ नहीं कर पा रहा है। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने भी ऐसे ही दावे किए। लेकिन हालात अब अलग कहानी बता रहे हैं। पिछले 24 घंटों में अमेरिका के दो सैन्य विमान और सर्च ऑपरेशन में लगे दो ब्लैकहॉक हेलीकॉप्टर ईरान के हमले का शिकार हुए। न्यूज एजेंसी AP के मुताबिक, 23 साल में पहली बार अमेरिकी लड़ाकू विमान दुश्मन की गोलीबारी में गिराए गए। इससे पहले 2003 में इराक युद्ध के दौरान ऐसा हुआ था।

### एलपीजी ला रहे ...

ईरानी कॉन्सुलेट ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा,भारत और खासकर गुजरात हमारे साझा इतिहास में विशेष स्थान रखते हैं। सदियों पहले यहां के लोगों ने हमारे लोगों का स्वागत किया था।

ईरान-इजराइल युद्ध के बीच कुवैत ने बताया है कि पिछले 24 घंटों में देश के एयरस्पेस में 8 बैलिस्टिक मिसाइलें और 19 ड्रोन दाखिल हुए।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज खोलने के लिए 48 घंटे का अल्टीमेटम दिया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर ईरान नहीं माना तो उसे तबाह कर दिया जाएगा।

ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर कहा कि समय खत्म हो रहा है। उन्होंने याद दिलाया कि पहले उन्होंने ईरान को 10 दिन की मोहलत दी थी, लेकिन अब सिर्फ 48 घंटे बचे हैं। उन्होंने अपने बयान में कहा कि अगर ईरान ने उनकी बात नहीं मानी तो भारी तबाही मचाई जाएगी।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने NATO को कमजोर और गैर-भरोसेमंद साझेदार बताया है। सोशल मीडया पोस्ट में ट्रम्प ने संकेत दिया कि अमेरिका इसके साथ अपने रिश्तों की समीक्षा कर सकता है। ट्रम्प ने कहा कि मौजूदा हालात में NATO अपने दायित्वों को पूरी तरह निभाने में असफल रहा है। उन्होंने ईरान युद्ध के दौरान कई सहयोगी देशों के रुख पर नाराजगी जताई। ईरान-इजराइल युद्ध के बीच LPG लेकर आ रहा भारतीय जहाज ग्रीन संवी होर्मुज स्ट्रेट पार कर गया है। जहाज में करीब 46,650 मीट्रिक टन गैस लदी है। यह होर्मुज पार करने वाला भारत का 7वां LPG टैंकर है। सरकार के मुताबिक, खाड़ी क्षेत्र में इस समय 18 भारतीय जहाज और करीब 485 भारतीय नाविक मौजूद हैं। अब तक 964 से ज्यादा भारतीय नाविकों को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है।

### ईरान ने अमेरिका के ...

ट्रम्प ने कहा, ₹हम युद्ध में हैं।₹ उन्होंने यह बात अमेरिकी मीडिया NBC से एक फोन इंटरव्यू में कही।

### कांग्रेस चाहती है ...

मैं कांग्रेस, UDF, LDF के लोगों से कहना चाहता हूं कि राजनीति अपनी जगह पर है, चुनाव आते जाते रहेंगे लेकिन केरलम के लाखों भाई-बहन वहां हैं उनकी सुरक्षा मेरी प्राथमिकता है।

मोदी ने कहा- इस बार के चुनाव में केरलम में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (LDF) की सरकार जाएगी और नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस (NDA) की सरकार आएगी। मैं पहले भी केरलम आया हूं, लेकिन इस बार हवा का रुख कुछ अलग है। केरल एक ऐतिहासिक बदलाव के लिए तैयार है। इस बार सत्ता परिवर्तन होगा।

### चुनाव आयोग को ...

चुनाव आयोग, कंट्रोलर एंड ऑडिटर जनरल ऑफ इंडिया (CAG) और वित्त आयोग जैसी संस्थाएं निष्पक्ष व्यवस्था बनाए रखने में जरूरी भूमिका निभाती हैं।

उन्होंने चुनाव प्रक्रिया पर कहा कि हमारे लोकतंत्र में समय पर चुनाव होने से सरकारें सही तरीके से बदलती रहती हैं। इस प्रक्रिया पर नियंत्रण का मतलब राजनीतिक मुकाबले के नियमों को अपने हाथ में लेना है। इससे पहले भी सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग और उसके अधिकारियों के संबंध में टिप्पणी की थी।

## 9वीं बार 200 प्लस चेज किए, चेन्नई ने आईपीएल में 36वीं बार 200 रन बनाए

# पंजाब ने टी-20 में भारत का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ा

### लक्ष्य

चेन्नई, एजेंसी

IPL के 7वें मैच में पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हरा दिया। चेपॉक में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए चेन्नई ने 5 विकेट पर 208 रन बनाए। टीम के लिए आयुष म्हात्रे ने 73 रन की पारी खेली, हालांकि उन्हें दो बार जीवनदान भी मिला।

जवाब में पंजाब ने 18.4 ओवर में 5 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। इस जीत के साथ पंजाब ने टी-20 क्रिकेट में भारत का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोड़ते हुए 9वीं बार 200+ रनचेज किया। वहीं चेन्नई ने इस मैच में 36वीं बार 200+ स्कोर बनाया। पंजाब किंग्स ने टी-20 क्रिकेट में भारत का रिकॉर्ड तोड़ दिया। टीम ने 200+ रनचेज के मामले में 9वीं जीत दर्ज की। इससे पहले भारत की टीम ने 8 बार 200+ रनचेज किया था। ऑस्ट्रेलिया ने 7 और मुंबई इंडियंस ने 6 बार यह कारनामा किया है।




पंजाब किंग्स ने अपना दूसरा सबसे बड़ा रनचेज किया। टीम ने 210 रन का टारगेट 18.4 ओवर में हासिल किया। टीम का सबसे बड़ा रनचेज 262 रन का है। इसे पंजाब ने 2024 में ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ हासिल किया था।

चेन्नई सुपर किंग्स IPL में सबसे ज्यादा 200+ स्कोर बनाने वाली टीम बन गई। टीम ने अब तक 36 बार 200 का आंकड़ा पार किया है। इसके बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 35 बार इस स्कोर तक पहुंची है। मिडिल ओवर्स में चेन्नई के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे को दो बड़े जीवनदान मिले। 10वें ओवर की दूसरी गेंद पर युजवेंद्र चहल ने लेग ब्रेक डाली, जिस पर म्हात्रे स्लॉग स्वीप खेलने गए, लेकिन गेंद बल्ले के ऊपरी किनारे से लगकर हवा में चली गई। वैशाख आगे दौड़ते हुए पहुंचे, डाइव भी लगाई, लेकिन गेंद हाथ में आने के बाद छिटक गई और कैच छूट गया। इसके बाद 12वें ओवर की चौथी गेंद पर चहल ने फिर मौका बनाया। उन्होंने गेंद को फ्लाइट देकर बल्लेबाज को बड़ा शॉट खेलने के लिए ललचाया। म्हात्रे आगे बढ़कर शॉट खेलने गए, लेकिन गेंद टर्न होकर बल्ले का किनारा लेती हुई एक्स्ट्रा कवर की ओर गई। शशांक दौड़ते हुए आए, स्लाइड करते हुए दोनों हाथों से कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन गेंद हाथ से निकल गई। इस तरह म्हात्रे को लगातार दूसरा जीवनदान मिला।

### चौका लगाने के बाद संजू आउट

दूसरे ओवर में चेन्नई का पहला विकेट गिरा। ओवर की छठी गेंद जेवियर बार्टलेट ने ऑफ स्टंप के बाहर फेंकी। संजू सैमसन ड्राइव खेलने के लिए पीछे हटे, लेकिन गेंद की मूवमेंट को कवर नहीं कर सके और बल्ले का हल्का किनारा लग गया। गेंद सीधे विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह के पास गई, जिन्होंने आसान कैच लपक लिया। संजू 7 रन बनाकर आउट हुए।



आयुष म्हात्रे ने 29 गेंद पर हाफ सेंचुरी पूरी की।

**नौवें ओवर में चेन्नई के बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने सिक्स लगाकर अर्धशतक पूरा किया। ओवर की पहली गेंद मार्कस स्टोयनिस ने धीमी फेंकी। म्हात्रे ने आगे बढ़कर शॉट खेला और गेंद को लॉन्ग-ऑफ के ऊपर से सिक्स के लिए भेज दिया।**

## रुतुराज गायकवाड़ को संजू सैमसन से खतरा!

नई दिल्ली, एजेंसी



आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत खराब हुई। ऋतुराज गायकवाड़ की कप्तानी वाली टीम ने 19वें सीजन में अब तक जीत का स्वाद नहीं चखा है। उन्होंने अपने पहले दोनों मैच में शिकस्त झेलनी पड़ी है। पहले राजस्थान रॉयल्स और शुक्रवार को होम ग्राउंड पर पंजाब किंग्स को हाथों 5 बार की चैंपियन टीम को हार मिली। क्रिकबज पर बातचीत में इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन और न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डूल ने सुझाव दिया कि चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को संजू सैमसन से ₹खतरा₹ महसूस हो सकता है। संजू सैमसन राजस्थान रॉयल्स के कप्तान रहे हैं।

संजू ने 2021 से 2025 के तक राजस्थान की कमान संभाली। आईपीएल 2026 से पहले चेन्नई ने उन्हें आरआर से ट्रेड किया था।

**चेन्नई सुपर किंग्स की बैक टू बैक हार के बाद उठने लगा सवाल**

वॉन ने डूल से पूछा, क्या आपको लगता है कि ऋतुराज गायकवाड़ को संजू सैमसन से खतरा महसूस हो रहा है? इस पर डूल ने कहा बिल्कुल। वॉन ने कहा, यह एक और तरह की स्थिति है जिस पर आपको ध्यान देना होगा। लीग के सबसे युवा कप्तानों में से एक गायकवाड़ ने अब तक कुछ मैच में कप्तानी की है। आप सोचते हैं, 'ठीक है, हम तुम्हारा साथ देंगे, तुम कप्तान हो। हम संजू को साइन कर रहे हैं, जो एक बहुत अच्छा कप्तान और विकेटकीपर है।

# स्लो ओवर के लिए अय्यर पर 24 लाख का जुर्माना

## अब एक और गलती की तो पंजाब के कप्तान पर लगेगा एक मैच का बैन

नई दिल्ली। IPL के 7वें मैच में पंजाब किंग्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराया, लेकिन इस मैच में स्लो ओवर रेट की वजह से कप्तान श्रेयस अय्यर पर 24 लाख का जुर्माना लगाया गया है। यह इस सीजन का पंजाब किंग्स का दूसरा ओवर-रेट अपराध है। इसलिए सिर्फ कप्तान ही नहीं, पूरी प्लेइंग इलेवन और इम्पैक्ट प्लेयर को भी सजा मिली है। बाकी सभी खिलाड़ियों पर 6 लाख या उनके मैच फीस का 25 प्रतिशत, जो भी कम हो, उतना जुर्माना लगाया गया है। IPL के नियमों के मुताबिक, अगर अब टीम से फिर ऐसी गलती होती है तो अय्यर पर 30 लाख रुपए का जुर्माना लगेगा और एक मैच का बैन भी झेलना पड़ेगा। पंजाब को अभी लीग स्टेज में 12 से




ज्यादा मैच खेलने हैं, ऐसे में अब गलती की गुंजाइश बहुत कम बची है। इस मैच में श्रेयस अय्यर ने बल्लेबाजी से टीम का नेतृत्व किया। उन्होंने 29 गेंदों पर 50 रन की शानदार पारी खेली। उनकी नेहल वाधेरा के साथ 59 रन की साझेदारी मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुई। पंजाब किंग्स को जीत के लिए 209 रन का टारगेट मिला था, जिसे उन्होंने 5 विकेट खोकर आराम से हासिल कर लिया। इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट पर 209 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया था। चेन्नई की ओर से युवा बल्लेबाज आयुष म्हात्रे ने 43 गेंदों में 73 रनों की बेहतरीन पारी खेली और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (28 रन) के साथ 96 रनों की साझेदारी की। हालांकि, पंजाब की शुरुआत भी प्रियांश आर्य की 11 गेंदों में 39 रनों की तूफानी पारी से हुई। अंत में प्रभसिमरन सिंह, कूपर कोनोली और अय्यर की पारियों ने चेन्नई के स्कोर को छोटा साबित कर दिया और पंजाब ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की।

## कप्तान विराट, कोच ने स्पष्ट नहीं किया था कि आगे टीम में लेंगे या नहीं

# धोनी के सच्चाई बताने के बाद लिया रिटायरमेंट : युवराज

नई दिल्ली। 2011 वर्ल्ड कप के हीरो रहे युवराज सिंह ने एक इंटरव्यू में कहा कि धोनी से पता चला था कि अब चयनकर्ता उनके नाम पर विचार नहीं कर रहे हैं। इसके बाद ही युवराज ने 10 जून 2019 को क्रिकेट के सभी फॉर्मेट सें संन्यास ले लिया था।

स्पोर्ट्स तक से बातचीत में युवराज ने कहा कि 36-37 साल की उम्र में जब वे टीम से अंदर-बाहर हो रहे थे, तब न तो नेशनल क्रिकेट एकेडमी (NCA), न ही कप्तान विराट कोहली और न ही कोच रवि शास्त्री ने उनसे सीधे बात की। युवी ने कहा, 'उस समय मुझे लगा कि मैं बीच में फंस गया हूं। मैंने देश के लिए इतना क्रिकेट खेला, तो कम से कम थोड़ी इज्जत और साफ बात तो बनती थी, लेकिन मुझे कुछ भी साफ नहीं बताया गया।' युवराज ने यह भी बताया कि वे अब तक कमेंट्री से दूर क्यों रहे। उन्होंने साफ कहा कि वे उन लोगों के साथ बैठकर काम नहीं करना चाहते, जिन्होंने उनके बारे में निजी (पर्सनल) टिप्पणियां की थीं।




युवराज सिंह ने 10 जून, 2019 को मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी। तस्वीर उसी वक्त की है।

> युवराज पर्सनल टिप्पणियों के चलते कमेंट्री से दूरी बनाए हुए हैं

- **युवराज ने यह भी आरोप लगाया कि मैनेजमेंट ने उन्हें संन्यास लेने के लिए मजबूर करने की कोशिश की थी। उनसे कहा गया था कि वे अब फिटनेस टेस्ट (यो-यो टेस्ट) पास नहीं कर पाएंगे, इसलिए उन्हें खेल को अलविदा कह देना चाहिए।**
- **इस पर उन्होंने साफ जवाब दिया कि रिटायर होना उनका फैसला होगा, जबकि टीम में खिलाना या नहीं खिलाना मैनेजमेंट का निर्णय है।**



### धोनी ने फोन पर बताया था सच

युवराज ने कहा कि उन्हें कहीं से कोई जवाब नहीं मिल रहा था, तब उन्होंने महेंद्र सिंह धोनी को फोन किया। धोनी उस समय कप्तान नहीं थे, लेकिन वे पूरी स्थिति पर नजर रखे हुए थे।

युवराज के मुताबिक, 'धोनी ने मुझे सही नजरिया दिया। उन्होंने साफ कहा कि सिलेक्टर्स अब आगे की तरफ देख रहे हैं और मैं उनकी योजनाओं का हिस्सा नहीं हूं। धोनी की इस बात ने मुझे वह स्पष्टता दी जो मैनेजमेंट नहीं दे पा रहा था।'

## मनोरंजन



## एक्टर ने खुद किया कन्फर्म, बोले- यह किरदार निभाना भी मेरे लिए खास अनुभव रहा

# रामायण में भगवान परशुराम के रोल में भी दिखेंगे रणबीर

नई दिल्ली। एक्टर रणबीर कपूर ने कन्फर्म किया है कि वह फिल्म रामायण में भगवान राम के साथ भगवान परशुराम के किरदार में भी दिखेंगे।

लॉस एंजेलिस में 'कोलाइडर' को दिए इंटरव्यू में जब रणबीर से सवाल पूछा गया कि वह भगवान राम और परशुराम जैसे दो अलग-अलग स्वभाव वाले किरदारों को बॉडी लैंग्वेज और आवाज से कैसे अलग दिखा रहे हैं तो उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु के कई अवतार रहे हैं, जिनमें भगवान राम एक अवतार हैं, जबकि उनसे पहले भगवान परशुराम भी अवतार थे।

रणबीर ने कहा कि भगवान राम का किरदार निभाने का मौका मिलना ही बड़ी बात थी, लेकिन साथ ही भगवान परशुराम का रोल निभाना उनके लिए और भी खास अनुभव रहा।

उन्होंने आगे कहा कि एक एक्टर के रूप में केवल बॉडी लैंग्वेज ही नहीं, बल्कि रोल की आध्यात्मिकता और उसकी भावनाओं को गहराई से समझना जरूरी होता है। उनका मानना है कि एक्टिंग की शुरुआत यहीं से होती है।

**रणबीर ने यह भी कहा कि फिल्म रामायण की शूटिंग से पहले उन्होंने पूरे एक साल तक इन किरदारों को समझने पर काम किया। उन्होंने यह जानने की कोशिश की कि ये पात्र कौन हैं, उनकी सोच क्या है और उनके उद्देश्य क्या हैं।**

### बेटी को रामायण की कहानियां सुनाते थे रणबीर

लॉस एंजेलिस में रणबीर ने मीडिया इंटरेक्शन में यह भी बताया कि वह खुद को खुशकिस्मत मानते हैं कि उन्हें फिल्म रामायण का हिस्सा बनने का मौका मिला। यह मौका उन्हें उसी समय मिला, जब वह पिता बने थे। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी साढ़े तीन साल की है। जब वह भगवान राम का किरदार निभा रहे थे, तब घर लौटकर वह अपनी बेटी को रामायण की कहानियां सुनाते थे।



# धुरंधर 2 विदेशों में 'हमजा' का तेज वार!

## रणवीर की फिल्म की कमाई से हिल गया बॉक्स ऑफिस

नई दिल्ली, एजेंसी



रणवीर सिंह स्टारर धुरंधर : द रिवेंज की आंधी बॉक्स ऑफिस पर थमने का नाम नहीं ले रही है। फिल्म ने दो हफ्ते में ही दुनियाभर में रिकॉर्डतोड़ कमाई की है। रिलीज के केवल 15 दिनों में यह अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म बन गई है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी धुरंधर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकार्ड तोड़े हैं, जिनमें अब तक की सबसे बड़ी हिंदी ओपनिंग, पहले और दूसरे हफ्ते की सबसे ज्यादा कमाई, दुनियाभर में सबसे बड़ा ओपनिंग वीकेंड और सबसे तेजी से 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार करने वाली और पेड प्रीव्यू में सबसे ज्यादा कलेक्शन करने वाली फिल्म शामिल है। धुरंधर 2 ने अब दुनियाभर में कमाई का जादुई आंकड़ा छू लिया है। फिल्म ने 16 दिनों में धमाकेदार कलेक्शन किया है। सैकनिल्क के मुताबिक, पेड प्रिव्यू को मिलाकर रणवीर सिंह की स्पाई थ्रिलर ने दुनियाभर में 1523 करोड़ रुपये के पार कारोबार कर लिया है।

# 'मैं ऐसी शादी में नहीं रहना चाहता'

## ऐश्वर्या संग रिश्ते पर अभिषेक ने तोड़ी चुप्पी

नई दिल्ली, एजेंसी

अभिषेक बच्चन ने हाल ही में पत्नी ऐश्वर्या राय (Aishwarya Rai) से इनसिक्योर होने को लेकर बात की है। जब अभिषेक और ऐश्वर्या ने शादी की थी, उस वक्त ऐश्वर्या, ज्यादा बड़ी स्टार थीं। हाल ही में जब अभिषेक से इस बारे में सवाल किया गया है कि क्या वह अपनी बीवी के स्टारडम से कभी इनसिक्योर होते हैं तो एक्टर का जवाब वायरल हो गया।

लिली सिंह के साथ बातचीत में अभिषेक बच्चन ने अपनी पत्नी ऐश्वर्या राय के स्टारडम से इनसिक्योर होने को लेकर बात की है। उन्होंने कहा कि उनकी ऐसी परवरिश ही नहीं हुई है। उन्होंने अपने माता-पिता का उदाहरण देते हुए कहा जब मेरे माता-पिता ने शादी



की थी, तब मेरी मां (जया बच्चन) मेरे पिता (अमिताभ बच्चन) से ज्यादा बड़ी स्टार थीं। तो यह कोई अजीब बात नहीं है। मेरी परवरिश इस सोच के साथ नहीं हुई कि आपको ही डोमिनेंट रहना है। यह एक पार्टनरशिप है। मैं ऐश्वर्या को अपने करियर के शुरुआती दौर से जानता हूं। मेरी दूसरी फिल्म उनके साथ थी। उस वक्त हम रिलेशनशिप में नहीं थे।

# 'ट्वेल्थ फेल के लिए हुई थीं अप्रोच'


## खुद की गलती से गंवाई फिल्म, नैला ग्रेवाल बोलीं- 'मैंने खुद को बहुत कोसा'

- **नैला ग्रेवाल ने '12वीं फेल' का मौका गंवाया**
- **रणबीर कपूर संग 'तमाशा' में काम कर चुकीं नैला**
- **'मामला लीगल है 2' में अनन्या श्रॉफ के रूप में दिख रहीं**

नई दिल्ली, एजेंसी

'मामला लीगल है 2' में नजर आ रहीं एक्ट्रेस नैला ग्रेवाल (Naila Grrewal) इन दिनों वकील अनन्या श्रॉफ के किरदार से दर्शकों का दिल जीत रही हैं।

'मामला लीगल है' से पॉपुलर हुईं नैला ग्रेवाल कई फिल्मों में काम कर चुकी हैं। उन्होंने इम्तियाज अली की फिल्म तमाशा



में रणबीर कपूर के साथ भी स्क्रीन शेयर किया है। कम लोग जानते होंगे कि 12वीं फेल में विक्रांत मैसी के अपोजिट मेधा शंकर की जगह नैला ग्रेवाल को अप्रोच किया गया था। एक्ट्रेस का कहना है कि उन्होंने कास्टिंग कॉल का जवाब न देना भारी पड़ गया। एक्ट्रेस ने कहा-वह इतनी अच्छी फिल्म थी। इसलिए, मैंने खुद को बहुत कोसा कि मैंने कास्टिंग इन्क्वायरी का जवाब नहीं दिया। मैं उस समय कुछ और कर रही थी और पता नहीं, बस वह मौका मेरे हाथ से निकल गया। लेकिन बात यह है कि अब मैं किस्मत पर भी बहुत ज्यादा यकीन करने लगी हूं। वह कास्टिंग बिल्कुल सही थी। नैला ग्रेवाल इश्क विश्क रीबाउंड, थप्पड़ और बरेली की बर्फी जैसी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। इन दिनों एक्ट्रेस मामला लीगल है 2 में दिख रही हैं जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है।

### रणबीर संग करने का अनुभव

हाल ही में नैला ग्रेवाल ने मिड-डे के साथ बातचीत में खुलासा किया कि रणबीर कपूर के साथ काम करने का एहसास कैसा था। उन्होंने कहा कि उन्हें रणबीर से स्टार वाली फीलिंग आई। बकौल एक्ट्रेस रणबीर कपूर पहले भी मेरे पसंदीदा थे और आज भी हैं। उन्हें अपने सामने लाइव देखना मेरे लिए एक बहुत ही स्टार वाली फीलिंग थी और यह बात कि मैं सचमुच उनसे बात कर सकती थी, यह मेरे लिए एक बहुत ही अवास्तविक एहसास था। जैसे जब वह एक्टिंग करते हैं, तो उनकी आंखों में एक अलग ही लेवल की ईमानदारी झलकती है। उनकी आंखों में जो गहराई है, वह आज भी मेरे जहन में ताजा है। मुझे लगता है कि यह एक ऐसी चीज है जो मैंने सचमुच उनसे सीखी है।



# आर्टेमिस-2 मिशन के एस्ट्रोनॉट ने खींचीं, 1972 के बाद पहली बार चांद के करीब जा रहे इंसान

# 1.8 लाख-किलोमीटर दूर से पृथ्वी का नजारा

**मिशन**

**नई दिल्ली, एजेंसी**

नासा के आर्टेमिस-2 मिशन के तहत चंद्रमा की ओर जाते हुए चार अंतरिक्ष यात्रियों ने पृथ्वी की शानदार तस्वीरें खींचीं हैं। पृथ्वी नीले रंग में बेहद खूबसूरत दिख रही है। एक फोटो में पृथ्वी का घुमावदार हिस्सा दिखा जबकि दूसरी फोटो में पूरी धरती नजर आई, जिस पर सफेद बादल छाए थे।

मिशन पर गए चार अंतरिक्ष यात्री (3 अमेरिकी, 1 कनाडाई) फिलहाल पृथ्वी से करीब 1.8 लाख किलोमीटर दूर पहुंच चुके हैं। अभी उन्हें 2.4 लाख किलोमीटर और जाना है। वे 6 अप्रैल तक चंद्रमा के पास पहुंचेंगे।

1 अप्रैल को सुबह 4:05 बजे 'स्पेस लॉन्च सिस्टम' (SLS) ओरियन स्पेसक्राफ्ट में सवार 4 अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर चांद की ओर रवाना हुआ था।

5 अप्रैल मिशन के पांचवें दिन तक धरती के गुरुत्वाकर्षण के खिंचाव की वजह से कैप्सूल की रफ्तार धीमी हो जाएगी। जैसे ही यह चंद्रमा के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र में दाखिल होगा, इसकी गति फिर से बढ़ने लगेगी और यह चांद की ओर तेजी से बढ़ने लगेगा।



छठे दिन ओरियन चांद की सतह से महज 6,400 किमी ऊपर से गुजरेगा। इस दौरान अंतरिक्ष यात्री चांद के उस हिस्से को अपनी आंखों से देख पाएंगे, जो पृथ्वी से कभी नजर नहीं आता। खिड़की से देखने पर चांद इतना बड़ा दिखेगा, जैसे हाथ के पास कोई बास्केटबॉल रखी हो।

50 मिनट के लिए टूट सकता है संपर्कः जब ओरियन चांद के पीछे से गुजरेगा तो पृथ्वी से उसका संपर्क पूरी तरह कट सकता है। करीब 50 मिनट तक 'कम्युनिकेशन ब्लैकआउट' रहेगा। मिशन कंट्रोल को यान से सिग्नल नहीं मिलेगा।

पहली बार धरती से इतनी दूर पहुंचेंगेः इसी दिन अपोलो 13 का 1970 में बनाया गया धरती से सबसे ज्यादा दूरी का 400,171.18 km का रिकॉर्ड भी टूट सकता है। आर्टेमिस II के अंतरिक्ष यात्रियों के पृथ्वी से 402,336 किमी की दूरी तक पहुंचने की उम्मीद है।

सातवें दिन चांद के गुरुत्वाकर्षण क्षेत्र से बाहर निकलकर यान वापस धरती की ओर अपना सफर शुरू कर देगा। आर्टेमिस-2 का रास्ता काफी हद तक 1970 के अपोलो-13 मिशन जैसा है।



CSA एस्ट्रोनॉट जेरेमी हैनसेन और नासा के अंतरिक्ष यात्री रीड वाइसमैन, क्रिस्टीना कोच और विक्टर ग्लोवर नेओरियन स्पेसक्राफ्ट से बातचीत की।

## एक दिन पहले ओरियन कैप्सूल ने पृथ्वी की कक्षा छोड़ी थी

आर्टेमिस-2 मिशन अब चांद की ओर बढ़ रहा है। एक दिन पहले शुक्रवार सुबह 5:19 बजे ओरियन कैप्सूल ने थ्रस्टर्स फायर किए और पृथ्वी की कक्षा छोड़ दी। अब यह अगले 4 दिन अंतरिक्ष में सफर करेगा और वहां पहुंचेगा, जहां आज तक केवल 24 इंसान पहुंच सके हैं। पृथ्वी के ऑर्बिट को छोड़कर चांद की तरफ जाने के लिए इंजन फायर करने की इस प्रोसेस को 'ट्रांसलूनर इंजेक्शन बर्न' कहते हैं। यह करीब 6 मिनट का मैन्यूवर था, जिसने यान की रफ्तार बढ़ाकर 22,000 मील प्रति घंटा यानी करीब 34 हजार किमी/घंटा कर दी।



1972 के बाद पहली बार कोई इंसान चांद के करीब जाएगा। हालांकि एस्ट्रोनॉट चांद पर कदम नहीं रखेंगे। वे सिर्फ चांद की कक्षा का चक्कर लगाकर वापस आ जाएंगे।

यह चांद के गुरुत्वाकर्षण का इस्तेमाल 'गुलेल' की तरह करेगा, जो यान को वापस पृथ्वी की ओर धकेल देगा। पूरे मिशन में चारों अंतरिक्ष यात्री करीब 11.02 लाख किमी का सफर तय करेंगे।

भारतीय समय के अनुसार 11 अप्रैल को सुबह 6:30 बजे ओरियन पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करेगा। 6:36 बजे यह सैन डिएगो के पास प्रशांत महासागर में 'स्प्लैशडाउन' करेगा। इसके बाद ह्यूस्टन में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी, जिसमें मिशन की जानकारी दी जाएगी।

**फास्ट न्यूज**

### 2023 में बच्चों की कैंसर से 1.44 लाख मौतें

नई दिल्ली। दुनिया में कैंसर से बच्चों की होने वाली 94 फीसदी मौतें और बीमारी के 85 फीसदी नए मामले कम और मध्यम आमदनी वाले देशों (एलएमआईसी) में सामने आए। यह खुलासा द लैंसेट जर्नल में छपे एक वैश्विक विश्लेषण में हुआ है। यह आंकड़ा दुनिया में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच और इलाज में बरती जा रही लगातार असमानता को दिखाता है।

### एपस्टीन मामले में बड़ा समझौता

वॉशिंगटन । दुनिया को झकझोर देने वाले जेफरी एपस्टीन यौन शोषण मामले में नया मोड़ आया है। बैंक ऑफ अमेरिका और पीड़ितों के बीच 7.25 करोड़ डॉलर का समझौता हुआ है, जिससे 60–75 महिलाओं को मुआवजा मिल सकता है। अदालत ने इसे प्रारंभिक मंजूरी दी है और साफ किया है कि हर पीड़ित तक इसकी जानकारी पहुंचनी चाहिए, ताकि कोई भी न्याय से वंचित न रहे। दुनियाभर में कुख्यात वित्त कारोबारी और दोषी यौन अपराधी जेफरी एपस्टीन का घिनौना मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। नए-नए खुलासों और दस्तावेजों ने दुनियाभर के कई बड़े नेताओं और अरबपतियों की नींद उड़ा दी है।

### बढ़ते संकट पर नेतन्याहू बोले- ईरान की स्टील उत्पादन क्षमता 70% नष्ट

नई दिल्ली। पश्चिम एशिया में हिंसा बढ़ती जा रही है, जहां अमेरिका और इस्राइल के हमलों से मोर्चे पर आग भड़क रही है। ईरान भी खाड़ी देशों में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों और इस्राइल पर जवाबी हमले कर रहा है। इसी बीच पासओवर त्योहार के मौके पर इस्राइली पीएम नेतन्याहू का बड़ा दावा सामने आया है।

## ईरान ने मध्यस्थता की पाकिस्तान की पेशकश ठुकराई

### शरीफ की कूटनीतिक कोशिशों को लगा झटका

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान ने पश्चिम एशिया संघर्ष में मध्यस्थता की पाकिस्तान की कोशिश को सिरे से खारिज कर दिया है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, तेहरान ने स्पष्ट कर दिया है कि वह पाकिस्तान में अमेरिका नेतृत्व वाले किसी भी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात नहीं करेगा। वहीं, ईरान ने अमेरिका की मांगों को अस्वीकार्य बताते हुए संकट के शीघ्र समाधान की संभावनाओं को भी पीछे धकेल दिया है।

ईरान ने पाकिस्तान द्वारा खुद को पश्चिम एशिया संघर्ष में मध्यस्थ के तौर पर पेश करने के प्रयासों को ठुकरा दिया है। सूत्रों के अनुसार, तेहरान ने पाकिस्तान में अमेरिका के नेतृत्व वाले किसी भी प्रतिनिधिमंडल से मिलने से इनकार कर दिया है। इससे पाकिस्तान की कूटनीतिक कोशिशों को बड़ा झटका लगा है।

पाकिस्तान ने यह दावा करते हुए



अपनी कूटनीतिक क्षमता का इस्तेमाल करने की कोशिश की थी कि वह ईरान और अमेरिका दोनों पक्षों से संवाद स्थापित करने में सक्षम है। हालांकि, ईरान और पाकिस्तान के बीच गहरे अविश्वास के चलते, ईरानी पक्ष किसी भी बातचीत में इस्लामाबाद को कोई भूमिका देने से हिचकिचा रहा है।

हालांकि, इस बीच कुछ उम्मीद की किरण जगी है, क्योंकि रिपोर्टों से पता चलता है कि ईरान इस क्षेत्र के एक अन्य महत्वपूर्ण खिलाड़ी कतर के जरिए मध्यस्थता के प्रयास पर विचार कर सकता है। इस बीच, क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है।

## ईरान समर्थित मिलिशिया ने अमेरिकी ठिकानों पर 19 हमले किए

# इराक के तेल संयंत्रों पर ईरान के ड्रोन अटैक

- इराक में पीएमएफ मुख्यालयों पर भी हवाई हमले हुए
- अमेरिकी दूतावास ने बगदाद में सुरक्षा अलर्ट जारी किया

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईरान के समर्थन वाली मिलिशिया का संगठन इस्लामिक रेसिस्टेंस ने शुक्रवार को इराक और आसपास के इलाकों में अमेरिका के सैन्य पर 19 ड्रोन और मिसाइल हमले किए। अल जजीरा ने इसकी रिपोर्ट दी है। ये हमले ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे तनाव के बीच हुए हैं।



इसी बीच, इराकी पुलिस सूत्रों ने बताया कि पश्चिमी इराक के अल-कायम इलाके में ईरान समर्थित पॉपुलर मोबिलाइजेशन फोर्सेज (पीएमएफ) के मुख्यालय पर हमला हुआ। मोसुल में पीएमएफ की 34वीं ब्रिगेड के मुख्यालय पर भी हवाई हमला होने की खबर है।

शिया मिलिशिया और प्रॉक्सी युद्धइस्लामिक रेसिस्टेंस और पीएमएफ जैसे शिया सैन्य गुट क्षेत्र में कई प्रॉक्सी युद्धों (छद्म युद्धों) में शामिल रहे हैं। दूतावास ने कहा कि इराक सरकार इन हमलों को रोकने में नाकाम रही है। कुछ मिलिशिया खुद को इराकी सरकार का हिस्सा बताते हैं और सरकारी पहचान पत्र भी रखते हैं। अमेरिकी दूतावास ने लोगों से अपील की कि अगर उन्हें इन मिलिशिया या हमलों के बारे में कोई जानकारी हो तो तुरंत बताएं, ताकि अमेरिकी दूतावास या अन्य जगहों पर होने वाले आतंकवादी हमलों को रोका जा सके।

### अमेरिकी दूतावास की सुरक्षा चेतावनी

इससे पहले गुरुवार को बगदाद में अमेरिकी दूतावास ने सुरक्षा अलर्ट जारी किया। इसमें चेतावनी दी गई कि ईरान से जुड़े मिलिशिया समूह केंद्र बगदाद में हमले की योजना बना सकते हैं। दूतावास ने कहा कि अगले 24-48 घंटों में हमले हो सकते हैं। दूतावास ने अपने नागरिकों और अमेरिकी संस्थानों को सतर्क रहने की सलाह दी। संभावित निशाने में अमेरिकी नागरिक, व्यवसाय, विश्वविद्यालय, दूतावास, होटल, एयरपोर्ट और ऊर्जा सुविधाएं शामिल हो सकती हैं। साथ ही अपहरण का खतरा भी बताया गया।

### ट्रंप ने अमेरिकी इतिहास के सबसे बड़े रक्षा बजट का प्रस्ताव रखा

वॉशिंगटन । अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वित्त वर्ष 2027 के लिए अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा रक्षा बजट पेश किया है। ट्रंप प्रशासन ने डेढ़ खरब डॉलर के रिकॉर्ड रक्षा बजट का प्रस्ताव पेश किया है। यह रक्षा बजट में 44 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि है, जिससे पेंटागन के खर्च में खासी बढ़ोतरी होगी। रक्षा बजट बढ़ाने के लिए कई घरेलू कार्यक्रमों में कटौती करने की तैयारी है। व्हाइट हाउस ने अपने आधिकारिक बजट प्रस्ताव में कहा, 'राष्ट्रीय रक्षा के लिए पहले दिए गए ऐतिहासिक 1 खरब डॉलर के बजट को आगे बढ़ाते हुए 2027 के लिए 1.5 खरब डॉलर की मांग की गई है, जो 44 प्रतिशत की वृद्धि है।' रक्षा खर्च में इस बढ़ोतरी के साथ अमेरिकी सरकार कई अन्य अहम कार्यक्रमों के बजट में कटौती की तैयारी कर रही है। आधिकारिक दस्तावेज के मुताबिक, '2026 के गैर-रक्षा कार्यक्रमों की तुलना में बजट में 10 प्रतिशत की कटौती का प्रस्ताव है।'

## दो अमेरिकी एयरक्राफ्ट गिराए, एक पायलट लापता, सर्च ऑपरेशन में गए दो हेलिकॉप्टर पर भी हमला

# 48 घंटे सीजफायर का प्रपोजल ईरान ने ठुकराया

**तेल अवीव, एजेंसी**

ईरान ने अमेरिका के 48 घंटे के सीजफायर ऑफर को ठुकरा दिया है। ईरान की सेमी-ऑफिशियल फार्स न्यूज एजेंसी के अनुसार, यह प्रपोजल बुधवार को एक तीसरे देश के जरिए तेहरान तक पहुंचाया गया था, जिसे ईरान ने मानने से इनकार कर दिया।

ईरान ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने अमेरिका के दो लड़ाकू विमान भी गिरा दिए। इनमें एक F-15E फाइटर जेट और दूसरा A-10 अटैक एयरक्राफ्ट है। F-15E फाइटर जेट पर ईरान के अंदर हमला हुआ। इसमें सवार एक क्रू मेंबर को रेस्क्यू कर लिया गया, जबकि दूसरा अभी लापता है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, अमेरिकी A-10 अटैक



एयरक्राफ्ट पर्शियन गल्फ में गिरा। हालांकि, अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि विमान क्रैश हुआ या मार गिराया गया, यह साफ नहीं है। अमेरिकी मीडिया ने बताया कि दो अमेरिकी हेलिकॉप्टर भी ईरानी फायरिंग में हिट हुए हैं।

दोनों ब्लैक हॉक हेलिकॉप्टर थे जो F-15E के लापता पायलट के सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए गए थे। यह पहली बार है जब करीब पांच हफ्तों से चल रहे इस युद्ध में अमेरिकी विमान गिराए गए हैं। इस बीच, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि इन घटनाओं का ईरान के साथ बातचीत पर कोई असर नहीं पड़ेगा।

**नाटो के अनुसार, रुट ट्रम्प से मुलाकात के बाद विदेश मंत्री मार्को रुबियो और रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से भी चर्चा करेंगे। ट्रम्प ने यूरोपीय सहयोगियों पर आरोप लगाया है कि वे ईरान के खिलाफ जंग में उनका साथ नहीं दे रहे हैं।**



### बेरूत पर इजराइल के हमले, हिज्बुल्लाह ठिकानों को बनाया निशाना

इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में हिज्बुल्लाह के ठिकानों पर हमले शुरू कर दिए हैं। इजराइली सेना ने कहा है कि वह हिज्बुल्लाह इन्फ्रास्ट्रक्चर साइट्स को निशाना बना रही है।

यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब हिज्बुल्लाह ने दक्षिणी लेबनान में इजराइली सैनिकों पर हमलों का दावा किया था। इससे पहले हिज्बुल्लाह ने दावा किया था कि उसने दक्षिणी लेबनान में तीन अलग-अलग जगहों पर इजराइली सैनिकों को निशाना बनाया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान ने बड़ी संख्या में मिसाइल और मोबाइल लॉन्चर सुरक्षित रखे हैं, जिससे उसकी सैन्य क्षमता पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। अमेरिकी एजेंसियों के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि हमलों में कितने लॉन्चर नष्ट हुए हैं, क्योंकि ईरान ने नकली (डिकॉय) लॉन्चर भी तैनात किए हैं।

### ईरान का इजराइल पर मिसाइल हमला, इंडस्ट्रियल इलाके में आग लगी

ईरान ने इजराइल पर मिसाइल हमला किया। इससे नेगेव क्षेत्र में एक इंडस्ट्रियल इलाके में आग लग गई। हालांकि, फिलहाल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना के बाद दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंच गई हैं और आग पर काबू पाने की कोशिश की जा रही है।

## यूएस ने 12,300 ठिकानों पर निशाना साधा

### फिर भी ईरान ने मिसाइल बंकर ठीक कर लिए

**तेहरान, एजेंसी**

ईरानी सेना ने एक अमेरिकी F-15E लड़ाकू जेट को गोलाबारी में मार गिराया। दो पायलट वाले इस विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि दोनों देशों के अधिकारियों ने की है।

घटना के बाद एक पायलट को बचा लिया गया है, जबकि दूसरा अभी भी लापता है। दूसरे पायलट की तलाश की जा रही है।

इस बीच, ईरान ने मध्यस्थता की पाकिस्तान की पेशकश को सिरे से खारिज कर दिया है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक, तेहरान ने स्पष्ट कर दिया है कि वह पाकिस्तान में अमेरिका नेतृत्व वाले किसी भी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात नहीं करेगा। अमेरिका पांच हफ्तों में ईरान के 12,300 ठिकानों पर हमले कर चुका है। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, ईरान घंटों में अपने मिसाइल बंकर दोबारा चालू



कर रहा है। ईरानी अधिकारियों के मुताबिक, 28 फरवरी से शुरू हुए युद्ध के बाद से अब तक कम से कम 2,076 लोगों की मौत हो चुकी है और 26,500 लोग घायल हुए हैं।

द न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, अमेरिकी खुफिया एजेंसियों ने इस दावे पर संदेह जताया है कि अमेरिका ईरान की मिसाइल क्षमता को नष्ट करने के करीब है, जबकि यही इस युद्ध का एक प्रमुख लक्ष्य था। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार ईरान के पास अभी भी इतनी बैलिस्टिक मिसाइलें और लॉन्चर बचे हैं कि वह इस्राइल और खाड़ी के अन्य देशों पर हमले जारी रख सके।

## संकट : 2 दिन पहले पेट्रोल पर 137 रुपए बढ़े, विरोध के बाद 80 रुपए कम किए

# जंग का असर : पाकिस्तानी मंत्रियों को 6 महीने सैलरी नहीं

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में इजराइल-अमेरिका की ईरान से जंग का असर दिख रहा है। वहां अगले 6 महीने तक मंत्रियों का वेतन रोक दिया गया है। दो दिन पहले पेट्रोल 137 रुपए और डीजल 184 रुपए महंगा किया गया था। हालांकि, देशभर में विरोध हुआ तो शुक्रवार को सरकार ने पेट्रोल 80 रुपए सस्ता कर दिया।

अब पाकिस्तान में पेट्रोल 378 रुपए प्रति लीटर मिलेगा। डीजल बढ़ी हुई कीमत 520.35 रुपए प्रति लीटर पर ही मिलेगा।

बढ़ती महंगाई और आर्थिक संकट से निपटने के लिए शहबाज शरीफ ने कड़े उपायों का भी ऐलान किया।



उन्होंने कहा कि पहले कैबिनेट मंत्रियों की 2 महीने की सैलरी रोकने का फैसला लिया गया था, लेकिन अब मंत्रियों को अगले 6 महीने तक वेतन नहीं मिलेगा।

शहबाज सरकार ने दो दिन पहले पेट्रोल पर टैक्स 105 रुपए से बढ़ाकर 160 रुपए कर दिया था। इससे यहां पेट्रोल की कीमत 321.17 रुपए से बढ़कर 458.41 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गई थी। हाई-स्पीड डीजल (HSD) की कीमत भी 184.49 रुपए बढ़कर 520.35 रुपए प्रति लीटर हो गई थी। हालांकि, डीजल पर लेवी को खत्म कर दिया गया था, जिसके बाद पेट्रोल की कीमतों में भी राहत देने की मांग उठ रही थी। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' के बंद होने की वजह से दुनियाभर में पेट्रोलियम सप्लाई प्रभावित हुई है। इसके कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ीं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन हफ्तों से तेल की कीमतें रोजाना बढ़ रही थीं, लेकिन हमने आम आदमी की मुश्किलों को देखते हुए इसका बोझ जनता पर नहीं डाला।



### आधी रात को देश के नाम संबोधन में दी जानकारी

शुक्रवार आधी रात को राष्ट्र को संबोधित करते हुए PM शहबाज शरीफ ने कहा कि सरकार ने जनता पर बोझ कम करने के लिए पेट्रोल टैक्स को 80 रुपए घटाने का फैसला किया है। नई कीमतें देशभर के पेट्रोल पंपों पर तुरंत लागू हो गई हैं। शरीफ ने यह भी साफ किया कि पेट्रोल की ये कीमतें कम से कम अगले एक महीने तक स्थिर रहेंगी।

## आधी दुनिया से ज्यादा दौलत मुट्ठीभर अमीरों ने छिपाई

### टैक्स हेवन ने बढ़ाई वैश्विक असमानता

**लंदन, एजेंसी**

वैश्विक अर्थव्यवस्था की एक कठोर सच्चाई यह है कि दौलत का बड़ा हिस्सा बेहद सीमित हाथों में सिमटता जा रहा है और उसका भी एक महत्वपूर्ण भाग पारदर्शी व्यवस्था से बाहर रखा गया है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट बताती है कि सुपर-रिच वर्ग अपनी संपत्ति को टैक्स हेवन और गुप्त वित्तीय तंत्रों के जरिए छिपाकर रख रहा है, जिससे असमानता और ज्यादा गहराती जा रही है।रिपोर्ट के अनुसार 2024 में करीब 3.55 ट्रिलियन डॉलर की संपत्ति विभिन्न टैक्स हेवन देशों और ऑफशोर खातों में रखी गई। तुलना करें तो यह रकम फ्रांस की पूरी अर्थव्यवस्था से भी अधिक है और दुनिया के 44 सबसे कमजोर देशों की कुल जीडीपी के मुकाबले दोगुने से ज्यादा बैठती है। यह सिर्फ छिपी हुई संपत्ति नहीं, बल्कि एक समानांतर वित्तीय दुनिया का



संकेत है। ऑक्सफैम इंटरनेशनल के टैक्स विशेषज्ञ क्रिश्चियन हॉलम के मुताबिक पनामा पेपर्स ने वैश्विक वित्तीय गोपनीयता के उस नेटवर्क को उजागर किया था, जहां अमीर अपनी संपत्ति को टैक्स और निगरानी से दूर रखते हैं। लेकिन एक दशक बाद भी यह प्रवृत्ति जारी है।

रिपोर्ट इस मुद्दे को केवल वित्तीय नहीं बल्कि सामाजिक न्याय के नजरिए से देखती है। जब बड़ी संपत्ति वाले लोग टैक्स से बचते हैं, तो सरकारों के पास सार्वजनिक सेवाओं जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक सुरक्षा के लिए संसाधन सीमित हो जाते हैं।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकिाशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96